RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 146 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 17 मई, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# मुंबई एयरपोर्ट व ताज पैलेस होटल को बम से उड़ाने की धमकी

## धमकी में आतंकी अफजल गुरु का भी जिक्र

**मुंबई (एजेंसी)।** आतंकवादियों के निशाने पर एक बार फिर देश की आर्थिक राजधानी मुंबई है। यह धमकी मुंबई एयरपोर्ट पुलिस की ईमेल आईडी पर मेल के जरिए भेजी गई है, जिसमें मुंबई के छत्रपति



मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट और ताज महल पैलेस होटल को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिला है। ईमेल में आतंकी अफजल गुरु और सवाक्कू शंकर को फांसी पर लटकाने की बात कही गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और सुरक्षा बढ़ा दी गई है। ईमेल भेजने वाले की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट और ताज महल पैलेस होटल को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिला है। शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ईमेल में दावा किया गया है कि ताज महल पैलेस होटल और एयरपोर्ट को बम से उड़ा दिया जाएगा। धमकी वाले ईमेल से हड़कंप मच गया है।पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं और जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मेल में आतंकी अफजल गुरु और सवाक्कू शंकर को 'अन्यायपूर्ण तरीके से फांसी' दिए जाने की बात कही गई है। मुंबई पुलिस मेल भेजने वाले का पता लगा रही है।

## पत्नी से विवाद के बाद वकील ने लगाई इंदिरा डेम में छलांग

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक लगा दी। उसे बचाने के लिए उसका रिश्देतार पीछे से कूद गया। है। शनिवार दोपहर तक दोनों का कुछ पता नहीं चला था।



दर्दनाक हादसा हुआ है। देर रात पत्नी से विवाद के बाद एक अधिवक्ता ने इंदिरा डैम में छलांग इससे दोनों युवक डूब गए। सूचना पर पहुंची पुलिस गोताखोरों की मदद से युवकों की तलाश करा रही

### बचाने के लिए कूदा रिश्तेदार भी डूबा

मूल रूप से मऊ जिले के मधुबन थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी अनुपम तिवारी (37) लखनऊ में रहते थे। यहां वह हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में अधिवक्ता थे। देर रात पत्नी से उनकी कहासुनी हो गई। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# पाकिस्तान की दुनिया भर में खोलेंगे पोल

## केन्द्र सरकार ने 'टीम सांसद' का किया गठन




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और मजबूती देने के लिए अब देश की राजनीतिक पार्टियां एक साथ खड़ी हो रही हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने एक बड़ा कूटनीतिक कदम उठाते हुए सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को विश्व के प्रमुख देशों में भेजने का फैसला किया है। सांसदों की यह टीम दुनिया भर में पाकिस्तान की पोल खोलेगी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### कांग्रेस की सूची में थरूर नहीं

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने ट्वीट किया, 'कल सुबह संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बात की और पाकिस्तान से आतंकवाद पर भारत का रुख स्पष्ट करने के लिए विदेश भेजे जाने वाले प्रतिनिधिमंडल के लिए 4 सांसदों के नाम प्रस्तुत करने को कहा। निम्नलिखित नाम दिए गए।

**1. आनंद शर्मा, 2. गौरव गोगोई,**
**3. डॉ. सैयद नसीर हुसैन, 4. राजा बरार**

# 'पीओके का छोड़ा मौका मोदी का देश को धोखा'

## मोदी सरकार के खिलाफ 'आप' का प्रदर्शन




**नोएडा (चेतना मंच)।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश इकाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमेरिका के दबाव में युद्धविराम कराए जाने और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (POK) को वापस लेने का ऐतिहासिक अवसर गंवाने के विरोध में पूरे प्रदेश में ज़िलास्तरीय विरोध प्रदर्शन किए।

नोएडा में प्रदर्शन फुटओवर ब्रिज, सेक्टर-50 पर जिला अध्यक्ष राकेश अवाना के नेतृत्व में किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता, महिला सदस्य, व्यापारी वर्ग और स्थानीय नागरिकों ने हिस्सा लिया।

जिलाध्यक्ष राकेश अवाना ने कहा मोदी सरकार ने अमेरिका के इशारे पर युद्धविराम करके भारत की सेना, जनता और देशभक्ति के जज़्बे को गुमराह किया है। अगर कार्रवाई होती, तो (POK) आज भारत का हिस्सा होता। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# ऑटो चालकों ने बढ़ाया किराया नाराज यात्रियों ने रोड़ की जाम

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन के बाहर उस वक्त हंगामा मच गया स्टेशन के पास खड़े होने वाले ऑटो चालकों द्वारा मनचाहा किराया वसूलने से नाराज यात्रियों ने सड़क



जब यात्रियों ने ऑटो चालकों की मनमानी और बढ़े हुए किराए के खिलाफ विरोध जताना शुरू कर दिया। दैनिक यात्रियों ने रोड जाम कर दिया और हंगामा करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया।

जानकारी के मुताबिक यह पूरा मामला नोएडा के सेक्टर-113 थाना क्षेत्र का है। यहां सेक्टर 52 मेट्रो पर हंगामा किया और जमकर नारेबाज़ी की। बताया जा रहा है कि नोएडा की यातायात पुलिस ने एक नया नियम लागू किया है जिससे ऑटोचालकों ने सवारियों से दोगुना किराया लेना शुरू कर दिया है। नोएडा की यातायात पुलिस ने यात्रियों की सुरक्षा के लिए ऑटो चालकों पर सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## मथुरा में पकड़े गए 90 बांग्लादेशी



**मथुरा (एजेंसी)।** मथुरा पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मथुरा में पुलिस ने खाजपुर गाँव के भट्टों के पास कार्रवाई करते हुए लगभग 90 अवैध बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया है, जिनमें 35 पुरुष, 27 महिलाएं और 28 बच्चे शामिल हैं, जो पिछले तीन-चार महीनों से वहां रह रहे थे। पूछताछ के दौरान इन लोगों ने यह बात (शेष पृष्ठ-3 पर)

## अवैध निर्माण पर मेहरबान है नोएडा प्राधिकरण

### एफआईआर व नोटिस चस्पा होने के बाद भी ध्वस्तीकरण नहीं

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित/अधिग्रहित व कब्जा प्राप्त जमीन पर लोग अवैध निर्माण करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इसके बावजूद भी नोएडा प्राधिकरण ना तो अवैध निर्माण रोक पा रहा है और ना ही कोई कार्रवाई कर पा रहा है। ऐसा ही एक मामला वर्क सर्किल-1 के हरौला क्षेत्र में बारात घर के समीप स्थित खसरा नंबर-892 में प्रकाश में आया है। नोएडा प्राधिकरण के (शेष पृष्ठ-3 पर)



## संयुक्त टीम ने किया फायर सेफ्टी का निरीक्षण



**नोएडा (चेतना मंच)।** जिलाधिकारी द्वारा जनपद में अग्निकांड की घटनाओं को न्यून करने एवं उनके प्रभाव को कम करने के लिए नगर मजिस्ट्रेट नोएडा विवेकानंद मिश्र की अध्यक्षता एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप चौबे की सह-अध्यक्षता में एक संयुक्त टीम का गठन किया गया है। इस टीम में आपदा प्रबंधन विभाग और कारखाना निरीक्षण विभाग को भी सम्मिलित किया गया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

**जल एवं सीवर विभाग की मक्कारी से-**

# महामारी के मुहाने पर कई सेक्टर व गांव!

## सदरपुर खजूर कालोनी में ओवरफ्लो कर रहा सीवर का गंदा पानी

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण की जल एवं सीवर विभाग की



मक्कारी के चलते गांव तथा शहरों में स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। सीवर के बहते व बजबजाते गंदे पानी को पारकर लोग अपने घरों में संक्रामक बीमारी ले



जाने को मजबूर हैं। वहीं सीवर के गंदे जल से युक्त पीने का पानी पीने के कारण भी संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बढ़ता जा रहा है। लेकिन नोएडा प्राधिकरण के जल एवं सीवर विभाग के आला अधिकारी कानों में तेल डाले कुंभकर्णी नींद सो रहे हैं।

सेक्टर-45 स्थित सदरपुर खजूर कॉलोनी की गली नंबर-46 में पिछले काफी समय से सीवर जाम होकर ओवरफ्लो कर रहा है। सीवर का गंदा पानी



गलियों में बह रहा है जिसके कारण लोग गंदे पानी को लांघकर चलने को मजबूर है।

यहां रहने वाले गोपाल गुप्ता तथा अन्य कई लोगों का कहना है कि कई बार प्राधिकरण के जल एवं सीवर विभाग से ओवरफ्लो की शिकायत की गई पर सभी शीर्ष से लेकर कनिष्ठ अधिकारी तक कान में तेल डालें बैठे हुए हैं।

## सीवर का पानी पीने को मजबूर सेक्टर-51 के लोग

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-51 में पिछले 15 दिनों से गंदे बदबूदार पानी की शिकायत मिल रही है। जिसकी शिकायत हर दिन जल विभाग के सभी अधिकारियों को करी जा रही है परंतु अधिकारी आंख और कान बंद करें बैठे हैं और निवासियों की समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। पेयजल की पाइप टूटी होने के कारण लोग सीवर युक्त गंदा जल पीने को मजबूर हैं।



सेक्टर-51 आरडब्ल्यूए महासचिव संजीव गुप्ता ने बताया कि सीवर का पानी टूटी हुई जल लाइनों से निवासियों के घरों तक पहुंच रहा है।

जल की टूटी हुई लाइन नाली के गंदे पानी में से होकर आ रही है यह पाइप भी टूटा हुआ है जिस पर टेप लगी हुई है पर अधिकारी बेसुध होकर कानों में तेल डाले बैठे हैं।

## स्नेचर पुलिस की गोली से घायल





**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम ने मुठभेड़ के दौरान 2 लुटेरे/स्नैचर गिरफ्तार किए हैं। इनके कब्जे से 1 तमंचा, 1 खोखा कारतूस, 1 जिंदा कारतूस, 1 मंगलसूत्र दो टुकड़ों में टूटा हुआ तथा लूट की घटना से संबंधित 7,000/-रुपये व घटनाओं में प्रयुक्त 1 स्कूटी बरामद की है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## तुर्की का विरोध

तुर्किये 'एहसान फरामोशी' का सबसे बदनाम उदाहरण हो सकता है। जब फरवरी, 2023 में तुर्किये में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, करीब 40,000 लोग मारे गए थे, इमारतें 'मिट्टी-मलबा' हो गई थीं, तब भारत ने मदद का पहला हाथ बढ़ाया था। भारत ने उसे मानवीय दायित्व समझा और पूरा अभियान चलाया। हमारे एनडीआरएफ के जवानों ने दबी हुई जिंदगियों को प्राण देने की कोशिश की, डॉक्टरों ने कई कमाल किए और भारत ने तुर्की अवाम के लिए भोजन-पानी के बंदोबस्त किए। बेशक तुर्किये एहसान न माने, लेकिन वह 'एहसान फरामोश' क्यों हुआ? भारत-पाक के हालिया सैन्य संघर्ष के दौरान उसने पाकिस्तान का साथ दिया, 350 से अधिक ड्रोन सप्लाई किए, समुद्री जहाज तक भेजा और सैनिक भी उस संघर्ष का हिस्सा बने। चूंकि सैन्य कार्रवाई के दौरान तुर्किये के 2 'ड्रोन ऑपरेटर' मारे गए, लिहाजा तुर्की सैनिकों की मौजूदगी की पुष्टि होती है। तुर्किये ने पाकिस्तान के समर्थन में बयान भी दिए। आखिर तुर्किये भारत-विरोधी क्यों हुआ? बहरहाल भारत की राष्ट्रीय प्रतिक्रिया यह सामने आई है कि टूर-ट्रैवल कंपनियों, औद्योगिक संगठनों, विश्वविद्यालय और सामाजिक-राजनीतिक संगठनों ने तुर्किये पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' कर दी है। करीब 250 फीसदी टूर और बुकिंग रद्द करवा दी गई हैं। तुर्किये और अजरबैजान जाने वाले पर्यटकों की बुकिंग में 60 फीसदी गिरावट आई है। यह सिलसिला अभी जारी है। ट्रैवल कारोबार से जुड़ी कंपनियों का आंकलन है कि करीब 5000 करोड़ रुपए का नुकसान तुर्किये को होगा। 2024 में 3.30 लाख से अधिक भारतीय पर्यटक तुर्किये गए थे और करीब 2.43 लाख सैलानी अजरबैजान घूमने गए थे। छोटी और सीमित अर्थव्यवस्थाओं के लिए पर्यटकों की ये संख्या कम नहीं है। सेब, संगमरमर और अन्य सामान आयात करना व्यापारियों ने खुद ही बंद कर दिया है। 2023-24 में तुर्किये को हमने 3885 वस्तुओं का निर्यात किया और 2482 वस्तुओं का आयात भी किया, लेकिन अब बहिष्कार करने और पाबंदी लगाने की मांगें हुंकारों की तरह बुलंद हैं। 2023-24 में भारत ने तुर्किये से करीब 821 करोड़ रुपए के सेब खरीदे थे। राजस्थान और महाराष्ट्र में सबसे अधिक संगमरमर, करीब 14 लाख टन, तुर्किये से ही आयात किया जाता है। भारत और तुर्किये के बीच वित्त वर्ष 2024 में द्विपक्षीय व्यापार 10.4 अरब डॉलर का हुआ था। 2000-24 के दौरान तुर्किये ने 240.18 मिलियन डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भारत में किया है। गौरतलब यह है कि तुर्किये की कंपनी 'सेलेबी' भारत के 9 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर ग्राउंड हैंडलिंग का काम कर रही हैं। यह बेहद संवेदनशील व्यवस्था है। क्या भारत सरकार उनकी सेवाएं निलंबित करने पर विचार करेगी? दरअसल भारतीय पर्यटकों ने तुर्किये और अजरबैजान की अर्थव्यवस्था को हजारों करोड़ रुपए दिए। वहां नौकरियां बढ़ीं, होटल और विमानन क्षेत्र का विस्तार हुआ, भारत में कई परियोजनाओं के अनुबंध तय किए गए, तो तुर्किये की अर्थव्यवस्था ही बढ़ी। अब 'एहसान फरामोश' को दंडित करना ही चाहिए। भारत सरकार स्पष्ट करे कि वह देश के गुस्से और आक्रोश को कितना समर्थन दे रही है? वैसे तो चीन, तुर्किये, अजरबैजान ने भारत-पाक संघर्ष के दौरान दुश्मन का ही समर्थन किया और उसे सैन्य सहयोग भी दिया। भारत ने चीन के सरकारी अखबार 'ग्लोबल टाइम्स' और सरकारी न्यूज एजेंसी 'शिन्हुआ' के 'एक्स' अकाउंट को ब्लॉक कर दिया है। तुर्किये की सरकारी प्रसारक कंपनी 'टीआरटी वर्ल्ड' को भी बंद कर दिया गया है। चीन पर इससे अधिक पाबंदियां नहीं लगाई जा सकतीं, क्योंकि उसके साथ व्यापार का आंकड़ा सर्वाधिक है। चीन के एयर डिफेंस सिस्टम को भारतीय वायुसेना ने 23 मिनट के लिए बिल्कुल जाम कर दिया था। उसी दौरान भारत ने अपना सैन्य मिशन पूरा किया। चीन की हथियारबंद मौजूदगी का इससे प्रामाणिक सबूत और क्या हो सकता है? बहरहाल तुर्किये ने इस्लामी देशों का 'खलीफा' बनने का मुगालता पाल रखा है, लिहाजा उसकी हेकड़ी तोडना बहुत जरूरी है। भारत बहिष्कार या अन्य सख्त विकल्प पर विचार करे। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, अफगानिस्तान, कतर सरीखे प्रमुख इस्लामी देशों ने 'आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई' में भारत का समर्थन किया है। तुर्किये को उसके 'गिरगिटी रंग' के लिए सजा जरूर दी जानी चाहिए।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि आप जो हों सो हों (अर्थात जो कोई भी हों), मैं आपके चरणों में नमस्कार करता हूँ। हे स्वामी! अब मुझ पर कृपा कीजिए। अपने ऊपर राजा की स्वाभाविक प्रीति और अपने विषय में उसका अधिक विश्वास देखकर॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सब प्रकार राजहि अपनाई। बोलेउ अधिक सनेह जनाई॥**
**सुनु सतिभाउ कहउँ महिपाला। इहाँ बसत बीते बहु काला॥**

सब प्रकार से राजा को अपने वश में करके, अधिक स्नेह दिखाता हुआ वह (कपट-तपस्वी) बोला- हे राजन! सुनो, मैं तुमसे सत्य कहता हूँ, मुझे यहाँ रहते बहुत समय बीत गया॥

**दो0- अब लगि मोहि न मिलेउ कोउ मैं न जनावउँ काहु।**
**लोकमान्यता अनल सम कर तप कानन दाहु॥**

अब तक न तो कोई मुझसे मिला और न मैं अपने को किसी पर प्रकट करता हूँ, क्योंकि लोक में प्रतिष्ठा अग्नि के समान है, जो तप रूपी वन को भस्म कर डालती है॥

**तुलसी देखि सुबेषु भूलहिं मूढ़ न चतुर नर।**
**सुंदर केकिहि पेखु बचन सुधा सम असन अहि॥**

तुलसीदासजी कहते हैं- सुंदर वेष देखकर मूढ़ नहीं (मूढ़ तो मूढ़ ही हैं), चतुर मनुष्य भी धोखा खा जाते हैं। सुंदर मोर को देखो, उसका वचन तो अमृत के समान है और आहार साँप का है॥ (क्रमशः...)

# ऑपरेशन सिंदूर से बदली नीतियों का वैश्विक संकेत

बीती छह मई की देर रात को पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर गरजती मिसाइलों ने दुनिया को कई संदेश दिए हैं। भारतीय कार्रवाई का पहला संदेश यह है कि अब ना सिर्फ भारत, बल्कि उसकी विदेश नीति भी बदल चुकी है। अब अगर भारत का बेगुनाह खून बहेगा तो खून बहाने वाले नापाक हाथों को भारत कहीं से भी ढूंढ़ निकालेगा और उसकी कब्र खोदने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। पाकिस्तानी हमले के सफल प्रतिकार ने स्वदेशी हथियार तकनीक की खुद-ब-खुद ब्रांडिंग हो गई। पहलगाम के खिलाफ हुई कार्रवाई के बाद भारतीय राजनीति और राजनय को देखने का दुनिया का नजरिया बदलना तय है।

ऑपरेशन सिंदूर के तहत चली महज चार दिनों की कार्रवाई के बाद संघर्ष विराम होने को लेकर सोशल मीडिया पर हंगामा है। बड़े वर्ग का मानना है कि पाकिस्तानी उकसावे के बाद जारी भारतीय कार्रवाई से पाकिस्तान की गर्दन भारतीय पैरों के नीचे आ गई थी। लिहाजा जरूरी था कि उसकी कमर तोड़ दी जाए। भारत के एक बड़े वर्ग को उम्मीद थी कि मौजूदा कार्रवाई के जरिए पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भी भारत का हिस्सा होगा। बहुत लोगों तो लगता था कि अगर ऑपरेशन सिंदूर जारी रहता तो बलूचिस्तान के लिए पाकिस्तान से अलग होने की राह आसान हो जाती। इस लिहाज देखें तो भारत का लोकमानस पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने के पक्ष में था या कह सकते हैं कि अब भी है। लेकिन ध्यान रखना होगा कि युद्ध कभी-भी जनमत के दबाव में लड़े जाते। आधुनिक दौर में जब लड़ाई और हथियारों में तकनीक की पहुंच और पैठ बढ़ी है, सिर्फ जनमत के दबाव में युद्ध लड़ना ताकतवर से ताकतवर देश के लिए संभव नहीं। इस बीच संघर्ष विराम पर राष्ट्रपति ट्रंप के उतावले दावों ने संघर्ष विराम की हकीकत की जिज्ञासा बढ़ा दी है। लोग यह जानने के लिए उतावले हैं कि संघर्ष विराम की असल वजह आखिर क्या है? वैसे ऐसी संवेदनशील जानकारियां शायद ही कभी बाहर आ पाती हैं। इसलिए संघर्ष विराम के पीछे की असलियत को आने वाला इतिहास ही जान पाएगा।

जिस तरह पाकिस्तान के एयरबेस समेत तमाम सैनिक ठिकानों को भारतीय सेना ने निशाना बनाया है, उससे बिलबिलाकर वह अमेरिका की शरण में पहुंचा और युद्ध विराम कराने के लिए गुहार लगाने लगा। यह जानकारी कुछ अमेरिकी अखबारों के पन्नों पर आ चुकी है। बहरहाल ऑपरेशन सिंदूर ने संदेश दिया है कि अब भारत रणनीति के तहत




**ऑपरेशन सिंदूर के तहत चली महज चार दिनों की कार्रवाई के बाद संघर्ष विराम होने को लेकर सोशल मीडिया पर हंगामा है। बड़े वर्ग का मानना है कि पाकिस्तानी उकसावे के बाद जारी भारतीय कार्रवाई से पाकिस्तान की गर्दन भारतीय पैरों के नीचे आ गई थी।**

जवाब नहीं देगा, बल्कि अपने नागरिकों पर हमले, संप्रभुता और अखंडता पर चोट की हालत में वह निर्णायक कार्रवाई करेगा। इस ऑपरेशन ने एक लक्ष्मण रेखा खींच दी है, जिसे नजरंदाज करना पाकिस्तान के लिए अब संभव नहीं होगा। उसे अब पता चल गया है कि राजनीति और सेना पोषित आतंकवाद और आतंक की नीति को सीधा और करारा जवाब मिलेगा।

भारत पिछले करीब साढ़े चार दशक से आतंकवाद को झेल रहा है। पाकिस्तान पहले पंजाब को आतंकवादी आग से झुलसाता रहा तो बाद के दिनों में जम्मू-कश्मीर में खून बहाता रहा। पाक परस्त आतंकी अगर भारतीय संसद, वाराणसी, जयपुर, मुंबई आदि जगहों पर बेगुनाह खून बहाने में कामयाब रहे तो इसकी बड़ी वजह रही पाकिस्तान की आतंकवाद केंद्रित नीति। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने संदेश दिया है कि अब यह नीति नहीं चलेगी। इस बार आतंकवादियों और उनके सरपरस्तों को जिस तरह भारत ने सफल निशाना बनाया, उसके बाद अब आतंकी कार्रवाई करने से पहले सौ बार सोचने को मजबूर होंगे। अब उन्हें सोचना होगा कि आतंक फैलाकर वे दूसरे देश की सीमा में जाकर चैन से नहीं रह पाएंगे। भारत की सेना उन्हें उनके घर में ही मारेगी।

ऑपरेशन सिंदूर पर संघर्ष विराम के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में दो-तीन बड़ी बातें कहीं। पहला यह कि खून और पानी साथ नहीं बहेगा। यानी सिंधु जल समझौता स्थगित ही रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि टेरर यानी आतंक और ट्रेड यानी कारोबार एक साथ नहीं चलेगा। यानी आतंक फैलाने वाले देशों के साथ भारत ना तो कारोबार करेगा और न ही उन्हें कोई विशेष दर्जा देगा। सवाल यह है कि भारत की इस बदली नीति की वजह क्या है? भारत की इस बदली नीति की वजह है, उसकी बढ़ती आर्थिक ताकत। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के लिहाज से भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। जल्द ही जापान की अर्थव्यवस्था को वह पीछे छोड़ देगा। भारत की स्वदेशी हथियार तकनीक, चाहे आकाश मिसाइल हो या रूस के सहयोग से विकसित ब्रह्मोस, उन्होंने अपनी अचूक मारक क्षमता दिखाई है। एक तरफ देश आर्थिक ताकत बढ़ाता जा रहा है तो दूसरी तरफ सैनिक ताकत भी बढ़ रही है। शांति के लिए मजबूत आर्थिक और सैनिक ताकत जरूरी होती है। कहना न होगा कि आर्थिक और सामरिक ताकत की वजह से भारत अपनी नीति बदलता हुआ दिख रहा है। भारत की अब तक की घोषित नीति रही है कि वह किसी दूसरे देश के मामले में न हस्तक्षेप करेगा और न ही किसी दूसरे देश का हस्तक्षेप मंजूर करेगा। ऑपरेशन सिंदूर इस नीति में बदलाव का वाहक बनकर आया है। अब तक भारत आतंक के खिलाफ विदेशी धरती पर कार्रवाई के लिए विदेशी ताकतों पर निर्भरत रहता है। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने दिखाया है कि अब वह अपनी जनता की रक्षा के लिए किसी की इजाजत का इंतजार नहीं करेगा। इस ऑपरेशन के जरिए भारत ने दुनिया को संदेश दिया है कि अब आतंकी और उसके मास्टरमाइंड कहीं नहीं छिप सकते। भारत उन्हें खोज निकालेगा और उन्हें उनके किए की सजा के तहत अंजाम पर पहुंचाएगा। महिलाओं के माथे का सिंदूर मिटाने वाले आतंकियों को मिटाने के लिए चले ऑपरेशन सिंदूर ने यह भी दिखाया है कि अगर पाकिस्तान आतंकी कार्रवाई के खिलाफ जवाबी हमला करेगा तो उस ना सिर्फ हमला माना जाएगा,बल्कि उसे करारा जवाब भी दिया जाएगा।

आजादी के बाद से ही भारत और पाकिस्तान के रिश्तों के बीच कश्मीर बड़ा मुद्दा रहा है। पाकिस्तान हर संभव मंचों, अंतरराष्ट्रीय बिरादरी आदि के सामने कश्मीर राग अलापता रहा है और इसके जरिए जरूरी सहयोग और संसाधन भी हासिल करता रहा है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि अब तक भारत-पाक के बीच कश्मीर का नैरेटिव हावी रहा है, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। अब भारत-पाक के बीच कश्मीर की बजाय आतंक बड़ा नैरेटिव बनकर उभरा है। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री का यह कहना कि अब पाकिस्तान से सिर्फ आतंक और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर बात होगी, भारत की इसी बदली नीति का स्पष्ट संकेत है।

बालाकोट एयर स्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान भी भारत ने सीमित कार्रवाई की और संयम का परिचय दिया। ये कार्रवाइयां पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में ही हुईं। चूंकि भारत का समूचे कश्मीर पर दावा है, लिहाजा इन कार्रवाइयों में यह भी संकेत रहा कि भारत अपनी ही भूमि पर कार्रवाई कर रहा है। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने साफ संकेत दिया है कि अब वह आतंक के खिलाफ सिर्फ पाक अधिकृत कश्मीर ही नहीं, समूचे पाकिस्तान में बिना जमीनी तौर पर घुसे ही जोरदार और निर्णायक कार्रवाई कर सकता है।

**- उमेश चतुर्वेदी**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं)

# आपरेशन सिंदूर से नुकसान तो चीन को हुआ

भारत के चार दिवसीय आपरेशन सिंदूर को लेकर हुए युद्ध विराम की सबसे बड़ी बात यह है कि भारत और पाकिस्तान दोनों अपनी-अपनी सफलता पर प्रसन्न है। दोनों जश्न मना रहे हैं, किंतु इस युद्ध से सबसे ज्यादा लाभ भारत को हुआ है, और सबसे ज्यादा नुकसान युद्ध से दूर खड़े होकर तमाशा देख रहे चीन को। भारत युद्ध में अपने शस्त्रों विशेषकर मिसाइलों की गुणवत्ता और सटीकता को पूरी दुनिया में साबित करने में कामयाब रहा। इससे भारत में बनी रक्षा प्रणालियों और हथियारों को लेकर माँग अब बढेंगी। हालाकि चीन युद्ध में शामिल नहीं था किंतु पाकिस्तान उसके अस्त्र-शस्त्रों के बल पर जंग के मैदान में था। चीन के बने उपकरण पहले ही अपनी निम्न क्वालिटी के लिए प्रसिद्ध थे। इस युद्ध में तो उनके निराशाजनक प्रदर्शन ने और चीन के सामान की शाख मिट्टी में मिला दी। चीन अब सफाई में भले ही यह कह रहा है कि उसके उपकरण सही हैं, पाकिस्तानी सैनिकों पर उन्हें चलाना नही आया। चीन अब कुछ भी सफाई ने किंतु कोई भी देश अब ये मानने को तैयार नहीं कि चीन के शस्त्र किसी काम के हैं। इस चार दिनी युद्ध में सबसे ज्यादा नुकसान चीन को हुआ। चीन अब कुछ भी तर्क दे, कोई भी दावा करे, अब कोई उसकी बात पर यकीन करने वाला नही है।

पाकिस्तान वर्तमान में चीन के बनाए हुए HQ16 और HQ-9 एयर डिफेन्स सिस्टम का इस्तेमाल करता है। HQ-9 जहाँ 125 किलोमीटर तो HQ-9 लगभग 50 किलोमीटर की रेंज वाला एयर डिफेन्स सिस्टम है। पाकिस्तान के लिए चीन ने इसमें बदलाव किए, इसके बावजूद इसका कोई फायदा नहीं हुआ है। ये सिस्टम न तो भारत के द्रोण रोक सके और नहीं मिसाइल। यह एक भी भारतीय मिसाइल, ड्रोन या लोइटेरिंग म्युनिशन नहीं पकड़ पाए। भारत ने तो इन डिफेन्स सिस्टम को ही तबाह कर दिया। चीन ने पाकिस्तान को जेएफ-17 लड़ाकू विमान भी बेचा। पाकिस्तान को इसका भी कोई लाभ न मिल सका। पाकिस्तान ने भारत पर हमले के लिए चीन में बने ड्रोन का भी इस्तेमाल किया था। रिपोर्ट्स बताती हैं कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ चीन के विंग लूँग और CH-II ड्रोन इस्तेमाल किए थे। इन्हें भी भारत ने सीमा पर ही मार गिराया है। इनमें




से कोई भी ड्रोन भारत के किसी टार्गेट को हिट नहीं कर पाया।

हम जानते हैं कि चीन भारत का प्राकृतिक शत्रु देश है। कितना भी कर लें वह भारत का मित्र नहीं हो सकता। वह पाकिस्तान का मित्र देश है और आज पाकिस्तान को शस्त्र देने वाला सबसे बड़ा आपूर्ति करता देश। इतना जानने के बावजूद हम भारतवासी सस्ते के चक्कर में चीन का बना सामान धड़ल्ले से खरीदते हैं। कभी चीन से विवाद के समय ही हमारी देशभक्ति जागती है, वह भी कुछ दिन के लिए और मात्र फेसबुक तक। यदि आधे भारतवासी ही एक साल के लिए चीन के बने सामान का बायकाट कर दें तो चीन घुटनों में आ जाए। कुछ साल के लिए कैलाश मानसरोवर यात्रा से मुंह मोड़कर देखिए। चीन रास्ते पर आ जाएगा।

लगभग 50 के आसपास अरब देश हैं किंतु दो अरब देश तुर्की और अज़रबैजान ही इस लड़ाई में पाकिस्तान के साथ पूरी ताकत के साथ खड़े नजर आए। इस लड़ाई में पाकिस्तान ने तुर्की में बने 40 से ज्यादा द्रोण का इस्तमाल किया, हालाकि ये सभी रास्ते में मार दिए गए।

2024 में पर्यटन के लिए 2.75 लाख भारतीय तुर्की गए। 2024 में पर्यटन के लिए 2.5 लाख भारतीय अज़रबैजान के बाकू गए। 2022-2024 के दौरान अज़रबैजान में भारतीय पर्यटकों के आगमन में 68 प्रतिशत की वृद्धि हुई, और अज़रबैजान में औसत प्रवास समय 4-6 दिन है। तुर्की में भारतीयों का औसत प्रवास 7-10 दिन है। कुल मिलाकर, भारतीय अज़रबैजान की अर्थव्यवस्था में सालाना 1,000-1,250 करोड़ रुपये का योगदान करते हैं। भारतीय तुर्की की अर्थव्यवस्था में सालाना 2,900-3,350 करोड़ रुपये का योगदान करते हैं। इस्तांबुल, कप्पाडोसिया और अंताल्या में भारतीयों की सबसे ज़्यादा दिलचस्पी है। विदेश में प्रति भारतीय पर्यटक का औसत खर्च प्रति यात्रा ए से सवा लाख रुपये है। चूंकि भारत का मध्यम वर्ग अतिरिक्त आय के साथ 40 करोड़ तक पहुंच गया है, इसलिए सोशल मीडिया और फिल्मों के माध्यम से लोकप्रियता उन्हें तुर्की और अजरबैजान की ओर आकर्षित कर रही है। भारत के कारण, तुर्की और अजरबैजान में 20,000 प्रत्यक्ष पर्यटन नौकरियों का सृजन हुआ। अप्रत्यक्ष नौकरियां 45,000-60,000 से अधिक हैं। पिछले चार वर्षों में तुर्की के आतिथ्य क्षेत्र में भारतीय निवेश में 35प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अपने दुश्मन देश को लाभ पहुंचाना बंद करने देखिए। सांप और सपोलिए पालना बंद करिए। सब रास्ते पर आ जाएंगे। दुनिया भर के देशों में घूमने के लिए बहुत सी खूबसूरत जगह हैं, सिवाय इन दो देशों के। अगली बार, जब भी यात्रा की योजना बनाएँ, तो इन दो देशों को छोड़ कर कहीं भी चले जाए, ये ज्यादा ठीक होगा।

इस चार दिन के भारत और पाकिस्तान के संघर्ष के बाद यह तय हो गया कि दुनिया में भारत के अपने शस्त्रों की विश्वसनीयता बढ़ी है। ब्रह्मोस्त्र की तो पहले ही मांग होने लगी थी। अब और ज्यादा मांग आएगी। भारत का शस्त्रों का बाजार बढ़ेगा। निर्यात बढ़ेगा तो देश की अर्थ व्यवस्था मजबूत होगी। रूस एस-500 बनाने की पहले ही तकनीक भारत को देने को तैयार है। रूस-भारत का विश्वसनीय मित्र है। भारत को चाहिए की समय की मांग को देखते हुए एस-500 का निर्माण अपने यहां शुरू कर दे। राफेल की तरह दुनिया की सबसे श्रेष्ठ तकनीक खरीदे। अमेरिका मात्र शस्त्रों का सौदागर है। वह किसी देश का मित्र नही हो सकता। भारत को चाहिए कि अमेरिका का बिल्कुल विश्वास न करें। इन चार दिनों के युद्ध में रूस और इजराइल भारत के साथ खड़े रहे। अब भारत को समय की जरूरत के हिसाब से नए मित्र बनाने होंगे। अपने को मजबूत करना होगा। तुर्की में भूकंप आने पर भारत 'ऑपरेशन दोस्त' शुरू किया। इसके तहत तुर्की को मेडिकल सहायता भेजी गई। इस ऑपरेशन के तहत एनडीआरएफ की दो टीमें तुर्की भेजीं। इसमें एक डॉग स्क्वॉड भी शामिल था। भारत की रेस्क्यू टीमों ने मलबे में दबे लोगों को खोजने, उन्हें बाहर निकालने में मदद की। ऑपरेशन दोस्त के तहत भारत ने छह विमान और 30 बिस्तरों वाला मोबाइल अस्पताल, मेडिकल सामग्री सहित सभी जरूरी सामान भिजवाए। तुर्किए में भारत का ऑपरेशन दोस्त 10 दिनों तक चला। इसका बदले तुर्की ने पाकिस्तान की किस तरह मदद की। किस तरह शस्त्र भिजवाए, यह हाल में पता चल गया।

अनुमान लगाए जा रहे हैं कि चीन के हथियारों के भारत के खिलाफ फेल होने के बाद अब पाकिस्तान अमेरिका और बाकी पश्चिमी देशों से हथियार खरीदने पर जोर लगाएगा। हालाँकि, उसकी आर्थिक स्थिति को ठीक नही किंतु यह एक हजार साल भी भारत से लड़ने का इरादा रखता है। भले ही उससे दुनिया के आगे भीख मांगनी पड़े। झोली फैलनी पडे। अमेरिका भारत के विरोध के बावजूद पहले भी पाकिस्तान को युद्ध सामग्री देता रहा है। भात के पुरजोर विरोध के बावजूद उसने पाकिस्तान को एफ-16 विमानों की खेप दी थी। अब चीन से पाकिस्तान का मोहभंग होता देख अमेरिका और मित्र देश पाकिस्तान को अपने खेमें में लेने के लिए कार्य करेंगे। एक बात और भारत ने पहली बार पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई में चीन से मिले हथियारों का नाम लिया है। भारत ने बताया कि पाकिस्तान ने इन हथियारों का इस्तेमाल भारतीय सेना पर हमला करने के लिए किया था। डीजीएओ एयर मार्शल एके भारती ने सबके सामने पाकिस्तान और चीन की इस सांठ-गांठ के सबूत दिखाए। ये काम तो बहुत पहले से होना चाहिए था। वैसे चीन पर इसका कोई असर होने वाला नहीं है। उसका ध्येय अपना और अपनी सीमाओं का विस्तार करना है, वह इसमें लगा है। चीन भारत को अपना सबसे प्रबल शत्रु मानता है,वह मानता रहेगा। भारत अपने दुश्मनों की मदद करन में चीन का नाम ले या न लें को फर्क पड़ने वाला नही है।- **अशोक मधुप (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## राशिफल

ज्येष्ठ माह कृष्ण पक्ष पंचमी | (विक्रम संवत् 2082)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
व्यवसायिक सफलता मिलेगी। कोर्ट कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार। प्रेम, संतान बहुत अच्छा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा का योग बनेगा। कार्यों की विघ्न बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य थोड़ा सुधार की तरफ।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
परेशानियों का समय है। कोई रिस्क मत लीजिएगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान भी मध्यम रहेगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम, संतान का साथ होगा। व्यापार बहुत अच्छा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
शत्रुओं पर दबदबा कायम रहेगा। स्वास्थ्य थोड़ा प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान अच्छा है। व्यापार भी अच्छा है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भावुक होकर कोई निर्णय मत लीजिएगा। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू मैं-मैं से बचें।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
भूमि, भवन और वाहन की खरीदारी का योग बनेगा। भौतिक सुख सुविधा में वृद्धि होगी लेकिन गृह कलह का भी संकेत है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान अच्छा है, व्यापार अच्छा है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
प्रेम में तू तू मैं मैं से बचें। स्वास्थ्य ठीक-ठाक। धनार्जन होता रहेगा लेकिन निवेश अभी वर्जित रहेगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान का साथ। व्यापार अच्छा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा। अनाब शनाब खर्च होंगे। स्वास्थ्य प्रभावित रहेगा। प्रेम, संतान भी मध्यम है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने स्रोत से भी पैसे आएंगे। यात्रा का योग बनेगा। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम, संतान अच्छा।

# पृष्ठ एक के शेष....

**पाकिस्तान की दुनिया ....**

इस प्रतिनिधिमंडलों का उद्देश्य साफ है– आतंकवाद को लेकर भारत की 'जीरो टॉलरेंस' नीति का साझा संदेश दुनिया तक पहुंचाना। खास बात यह है कि इस अभियान में सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हैं, जिससे यह स्पष्ट संकेत जाता है कि आतंकवाद के मुद्दे पर भारत एकजुट है।

संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'सबसे अहम पलों में भारत एकजुट खड़ा होता है। सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करेंगे और आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' का हमारा साझा संदेश वहां ले जाएंगे। यह राजनीति से ऊपर और मतभेदों से परे राष्ट्रीय एकता का शक्तिशाली प्रतीक है।

इन प्रतिनिधिमंडलों का दौरा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों और अन्य प्रमुख सहयोगी देशों में इस महीने के अंत तक होगा। प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करने वाले सांसद में शशि थरूर (कांग्रेस), रविशंकर प्रसाद (भारतीय जनता पार्टी), संजय कुमार झा (जनता दल यूनाइटेड), बैजयंत पांडा (भारतीय जनता पार्टी), कनीमोई करुणानिधि (द्रविड़ मुनेत्र कड़गम–DMK), सुप्रिया सुले (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी– NCP) और श्रीकांत एकनाथ शिंदे (शिवसेना) का नाम शामिल है।

**इन देशों की यात्रा पर जाएंगे सांसद**

सूत्रों के अनुसार, ये प्रतिनिधिमंडल अमेरिका, ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका, कतर और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों की यात्रा करेंगे। यह विदेश दौरा 22 मई के बाद शुरू होने की संभावना है। भारत सरकार का यह प्रयास वैश्विक मंचों पर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद और नागरिक ठिकानों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं को उजागर करने के लिए किया जा रहा है।

**'पीओके का छोड़ा...**

भारत के पास पीओके पर कब्जे का मौका था,लेकन मोदी सरकार ने देश को धोखा दिया है। आम आदमी पार्टी देश के सम्मान के लिए हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी। महिला प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष नीलम यादव ने कहा देश की बेटियाँ और महिलाएं इस कायरता को स्वीकार नहीं करेंगी।

इस अवसर पर व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेशध्यक्ष संजय पाल, जिला महासचिव कैलाश शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलदार अंसारी, संगठन मंत्री प्रशांत रावत,जिला उपाध्यक्ष मुन्ना गुप्ता,जिला सचिव जयकिशन जयसवाल,जिला सचिव विजय श्रीवास्तव, जिला सचिव प्रवीण धीमान,व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष इम्तियाज अहमद,जिला कार्यकारिणी सदस्य सतीश गौतम, विनोद पाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**अवैध निर्माण पर ....**

अधिकारियों ने यहां पर लेखपाल व जेई को भेजकर कई बार अवैध निर्माण रोकने का भी प्रयास किया पर कोई नतीजा नहीं निकला। रोकने के बावजूद भी यहां लगातार अवैध निर्माण चल रहा है। यही नहीं यहां पर अवैध रूप से एक अंग्रेजी शराब तथा बियर का ठेका भी खोल दिया गया है। नोएडा प्राधिकरण के लेखपाल तथा जेई ने 2 मई को फेज–2 थाने में अतिक्रमण तथा अवैध निर्माण के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई तथा 5 मई को इस भूखंड पर नोटिस भी चस्पा कर दिया।

नोटिस में 7 दिनों के अंदर अवैध निर्माण हटाने तथा इसका उल्लंघन करने पर प्राधिकरण ने कार्रवाई की चेतावनी दी गई। लेकिन नोटिस की मियाद खत्म होने की बावजूद भी अभी तक ना तो आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई हुई और ना ही अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया।

मालूम हो कि नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने तीन दिन पूर्व आदेश दिए थे कि एफआईआर होने के बावजूद भी अवैध निर्माण न रूके तो अवैध निर्माण करने वालों को भूमाफिया घोषित किया जाए। लेकिन हरौला वाले मामले में ना तो अवैध निर्माण ध्वस्त किया जा रहा है और ना ही भूमाफिया घोषित करने की कोई कार्यवाही की गई।

कुछ दिनों पूर्व इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री के पोर्टल पर भी की गई थी। जहां से नोएडा प्राधिकरण से जवाब तलब किया गया था। इस मामले में वर्क सर्किल–1 के प्रभारी डोरीलाल वर्मा ने अवगत कराया था कि इस मामले में कार्रवाई की जा रही है। लेकिन एक महीने से अधिक समय हो गया लेकिन अभी तक कोई करवाई नहीं की गई है। उधर लोगों में चर्चा है कि इस मामले में नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने सांठगांठ कर ली है जिसके कारण अभी तक अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

**संयुक्त टीम ने किया ....**

संयुक्त टीम द्वारा जनपद में संचालित औद्योगिक इकाइयों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। यदि किसी फैक्ट्री में फायर सेफ्टी मानकों की अनुपालना नहीं पाई जाती है, तो संबंधित इकाई को नोटिस जारी कर अग्निशमन, कारखाना तथा आपदा विभाग के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

इसी कड़ी में नगर मजिस्ट्रेट नोएडा विवेकानंद मिश्र के नेतृत्व में फायर सर्विस, कारखाना निरीक्षण तथा आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों द्वारा मैसर्स फेनो ऑर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड ई 39 साइट बी ग्रेटर नोएडा सूरजपुर का भौतिक सत्यापन किया।

निरीक्षण के दौरान फायर सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न व्यवस्थाओं की जांच की गई। निरीक्षण में फैक्ट्री से संबंधित जो भी कमियां पाई जाएंगी, उन्हें जिलाधिकारी महोदय के संज्ञान में लाया जाएगा और संबंधित प्रबंधन से उन्हें शीघ्र दुरुस्त कराया जाएगा।

**स्नेचर पुलिस की ....**

थाना शालीमार गार्डन पुलिस द्वारा bsnl एक्सचेंज कट के आने वाले रास्ते पर चेकिंग की जा रही थी तभी स्कूटी सवार दो व्यक्ति bsnl कट के दूसरी तरफ से आते दिखाई दिये । जिनको चेकिंग के लिए रोकने का इशारा किया गया तो नहीं रुके और अपनी स्कूटी को पीछे मोड़कर तेजी से वापस भागने लगे। शक होने पर पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया तो पुलिस टीम को अपने पीछे आते देख भाग रहे बदमाशों के द्वारा स्कूटी को तेजी से भगाने के कारण फिसल कर गिर गई।

बदमाशों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से सीधा फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्यवाही में दो बदमाशों में से एक बदमाश के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया तथा दूसरा बदमाश मौके पर पकड़ा गया । घायल बदमाश का नाम करन पुत्र विजयपाल निवासी कबूल नगर बेहटा हाजीपुर थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद (24 वर्ष) है तथा तथा दूसरे बदमाश का नाम सुशील शर्मा पुत्र विजेंद्र शर्मा मूल निवासी ग्राम समय नगर थाना शिशोली जिला मेरठ हाल निवासी गली न 11 भगवती नगर गोकुलपुरी दिल्ली (40 वर्ष) बताया।

**ऑटो चालकों ने बढ़ाया....**

दरअसल ऑटो चालक संख्या से अधिक सवारी बैठाकर यातायात के नियमों को तोड़ते हैं और यात्रियों की सुरक्षा को भी खतरे में डालते हैं। यातायात पुलिस की सख्ती के बाद अब ऑटो में 3 सवारी और एक ड्राइवर ही मौजूद होना चाहिए अगर ऑटो में इससे ज्यादा सवारी पाए गए तो ऑटो चालक का चालान काटा जाएगा। यातायात पुलिस के इस नियम से परेशान आकर ऑटो चालकों ने यात्रियों से दोगुना पैसे वसूलने शुरू कर दिए है। जिसके बाद परेशान यात्रियों ने जमकर हंगामा करना शुरू कर दिया।

यात्रियों का आरोप है कि मेट्रो स्टेशन से बाहर निकलते ही ऑटो चालक नियमित किराए से कई गुना ज्यादा पैसे मांगते हैं और मना करने पर दुर्व्यवहार करते हैं। कुछ यात्रियों ने यह भी बताया कि ऑटो वालों ने साझा सवारी तक बंद कर दी है, जिससे अकेले सफर करने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**मथुरा में पकड़े गए....**

कबूली है कि ये बांग्लादेशी मूल के हैं और अभी कुछ तीन चार महीने पहले ये यहाँ मथुरा पहुंचे।

पुलिस और खुफिया विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 90 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। यह सभी नागरिक स्थानीय ईंट भट्ठे पर मजदूरी कर रहे थे और पिछले चार महीनों से गांव में रह रहे थे।

इस मामले में पुलिस ने संबंधित भट्ठा मालिकों और ठेकेदारों से पूछताछ शुरू कर दी है और आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई प्रदेश सरकार के उस आदेश के तहत की गई है जिसमें कहा गया था कि राज्य में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि शासन से निर्देश मिले थे कि मथुरा जिले में अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

**पत्नी से विवाद के ....**

इसके बाद वह घर से निकल गए। उनके पीछे–पीछे उनके रिश्तेदार शिवम उपाध्याय (20) भी गए।

रात करीब 11.45 बजे अनुपम इंदिरा डैम के पास पहुंचे। उन्होंने जान देने के उद्देश्य से डैम में छलांग लगा दी। शिवम ने देखा तो वह उन्हें बचाने के लिए कूद गया। घटना के बाद से दोनों लापता हैं। पड़ोसी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने घटना की जानकारी ली। इसके बाद एसडीआरएफ को सूचना दी। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ टीम और स्थानीय गोताखोर दोनों की तलाश में जुटे हैं। घरवालों का रो–रोकर बुरा हाल है।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार–पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी–85 सेक्टर–6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए–131 सेक्टर–83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक–रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# स्कूलों में पठन-पाठन की गुणवत्ता पर हो फोकस : मनीष कुमार




**नोएडा (चेतना मंच)।** जनपद गौतम बुद्ध नगर के समस्त राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में करायें जा रहे कायाकल्प एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह ने जिलाधिकारी को वित्तीय वर्ष 2021–22, 2022–23, 2023–24, 2024–25 व 2025–26 में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत विद्यालयों में दीवार छत, फर्श खिड़की दरवाजे की मरम्मत, विद्यालय की रंगाई पुताई, शौचालय पेयजल से संबंधित मरम्मत कार्य एवं अतिरिक्त कक्ष कक्षाएं, प्रयोगशाला, मल्टीपरपज हॉल, पुस्तकालय कक्ष व खेल के मैदान के निर्माण के संबंध में वर्तमान तक की गई प्रगति से अवगत कराया।

जिलाधिकारी ने कायाकल्प एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यदाई संस्था लोक निर्माण विभाग, यूपीपीसीएल तथा आर ई डी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत विद्यालयों में कायाकल्प एवं निर्माण से संबंधित जो कार्य सौंपे गए हैं, उनको निर्धारित समय अवधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें। साथ ही विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि कार्य के लिए शासन से यथाशीघ्र शेष धनराशि को भी अवमुक्त करने के लिए पत्र प्रेषित किया जाए। साथ ही विद्यालय प्रबंधकों को निर्देश दिए कि प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत विद्यालय में करायें जा रहे कायाकल्प एवं निर्माण कार्यों की वर्तमान तक की फोटोग्राफी एवं वीडियो तैयार कर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित विद्यालयों के प्रधानाचार्यो से यह भी कहा कि स्कूलों में पठन–पाठन की गुणवत्ता पर भी विशेष फोकस रखा जाए। सभी विद्यालय अपने–अपने स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता को लेकर की गई गतिविधियों के संबंध में पावर प्रजेंटेशन तैयार करते हुए बैठक में उपस्थित हो।

इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ला, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, लोक निर्माण विभाग, यूपीपीसीएल, आर ई डी विभाग के अधिकारीगण तथा विद्यालयों के प्रधानाचार्यगण उपस्थित रहे।

## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने के तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | शनिवार | 17.05.2025 को |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | रविवार | 18.05.2025 को |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि–साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | भटिंडा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | भटिंडा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 17.05.25 से 26.07.25 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 18.05.25 से 27.07.25 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 20.05.25 से 11.07.25 तक |
| 04057 | सहरसा | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | | बुध, शनि | 21.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 19.05.25 से 10.07.25 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | | मंगल, शुक्र | 20.05.25 से 11.07.25 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेंद्र नगर | 07:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 21.05.25 से 25.06.25 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 23.05.25 से 27.06.25 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04324 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार एम | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या धाम जंक्शन | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.25 से 29.06.25 तक |
| 05741 | अयोध्या धाम जंक्शन | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 19.05.25 से 30.06.25 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 19.05.25 से 14.07.25 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार एम | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 21.05.25 से 16.07.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01441 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 29.05.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

## खास खबर

### तुर्कीए में आए भूकंप के झटके

**अंकारा।** तुर्किए में एक बार फिर भूकंप के तेज झटके लगे हैं। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.2 मापी गई। हालांकि, फिलहाल किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन भूकंप ने एक बार फिर लोगों को डर के साए में जीने को मजबूर कर दिया है। तुर्किए की जमीन पहले भी कई बार तेज और विनाशकारी भूकंपों से दहल चुकी है। इसका मुख्य कारण यह है कि तुर्किए एनाटोलियन प्लेट पर स्थित है, जो अफ्रीकी और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेट्स के बीच फंसी हुई है। इसी कारण यहां लगातार भूकंपीय गतिविधियां होती रहती हैं। इससे पहले भी यहां 1999 से भूकंप के झटके लगते रहे हैं। 17 अगस्त 1999 को रात में आए इस भीषण भूकंप की तीव्रता 7.6 थी। इसमें करीब 17,000 लोग मारे गए थे और यह तुर्किए की अर्थव्यवस्था पर भी भारी असर डाल गया था। अक्टूबर 2011 में पूर्वी तुर्किए के वान क्षेत्र में आया यह भूकंप 7.1 तीव्रता का था। इसमें 600 से अधिक लोगों की जान चली गई थी और सैकड़ों इमारतें ढह गई थीं। 30 अक्टूबर 2020 को एजियन सागर में आया यह भूकंप 7.0 तीव्रता का था। इससे तुर्किए और ग्रीस, दोनों प्रभावित हुए थे।

### विस्फोटक बरामद मामले में दो गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर के बस्सी टोल के पास 6 दिन पहले मिले 2075 किलो विस्फोटक मामले में पुलिस ने पिकअप को एस्कॉर्ट करने वाले और पिकअप के खलासी को गिरफ्तार किया है, लेकिन पुलिस छह दिन में यह पता नहीं कर सकी कि विस्फोटक आखिर जयपुर क्यों लाया गया। इसका जयपुर में क्या इस्तेमाल किया जाने वाला था। न ही विस्फोटक कहां से लाया जा रहा था इसकी कोई जानकारी पुलिस पता नहीं लगा सकी है। छह दिन बीतने के बाद भी पुलिस के पास इस विस्फोटक के बारे में कोई बड़ी जानकारी नहीं है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को पुलिस ने रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं दूसरी तरफ जांच में सामने आया कि ये विस्फोटक अत्यंत संवेदनशील और प्रतिबंधित श्रेणी में आता है। बस्सी थाने के एसआई ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### कर्नाटक हाई कोर्ट से सोनू निगम को राहत

**नई दिल्ली ।** कन्नड़ विवाद को लेकर मुसीबत में फंसे गायक सोनू निगम को कर्नाटक हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सोनू की याचिका पर न्यायालय ने उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई न करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति शिवशंकर अमरन्नावर की अध्यक्षता वाली पीठ ने सोनू निगम की याचिका पर सुनवाई की। न्यायालय ने उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न करने का आदेश देकर सोनू को जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया। सिंगर के वकील ने तर्क दिया कि उनका कभी भी कन्नड़ समुदाय का अपमान करने का इरादा नहीं था और उन्होंने पहले ही सार्वजनिक रूप से माफी मांग ली है। सुनवाई के दौरान सरकारी वकील ने कहा कि उनकी टिप्पणी लाइव प्रसारण का हिस्सा थी और मीडिया में पूरा कवरेज मिला, इसकारण कानूनी कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने जांच में उनकी अनुपस्थिति के कारण उन्हें कानूनी सुरक्षा देने का विरोध किया। दरअसल सोनू निगम ने मामले में दर्ज एफआईआर को रद्द करने के लिए 13 मई को कर्नाटक हाई कोर्ट में याचिका दी थी।

# बदमाशों ने शिक्षक से लाखों लूटने के बाद पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया, मौत

एजेंसी

**दमोह।** मध्य प्रदेश के दमोह जिले में हटा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हारट और बरोदा के बीच नहर के पास गुरुवार की रात एक शिक्षक को चार लाख रुपये लूटने के बाद जिंदा जलाने की घटना सामने आई है। अज्ञात बदमाशों ने नकदी लूटने के बाद शिक्षक पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। गंभीर रूप से झुलसे शिक्षक को परिजन तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। इस संबंध में पथरिया एसडीओपी रघु केसरी ने बताया कि शिक्षक राजेश पुत्र आरपी त्रिपाठी निवासी ग्राम सुनवाहा शासकीय स्कूल रूसंदो में प्राथमिक शिक्षक थे। उनके भाई मुकेश कुमार



त्रिपाठी के अनुसार राजेश गुरुवार रात हटा आए थे और यहां से करीब चार लाख रुपये लेकर वह गुरुवार की रात वापस अपने गांव सुनवाहा जा रहे थे। हारट और बरोदा के बीच नहर के पास अज्ञात लोगों ने उनकी बाइक को रुकवाकर रुपये लूट लिए और मारपीट करने के बाद पेट्रोल डालकर आग लगा दी। राजेश ने फोन लगाकर अपने भाई मुकेश को सूचना दी और बताया कि कुछ लोगों ने उनके ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी है। घटना की जानकारी लगते ही वह अपने अन्य परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे, तो उनके भाई गंभीर रूप से आग में झुलसे हुए मिले और पास ही उनकी बाइक खड़ी थी। इसके बाद वह राजेश को हटा सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। राजेश के भाई के मुताबिक घटनास्थल पर बाइक और उसमें लटका हुआ एक बैग बरामद हुआ है। घटना की सूचना पर रात में ही कोतवाली टीआई मनीष कुमार जिला अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने परिजनों से घटना की जानकारी ली और तत्काल ही हटा पुलिस को भी वारदात से अवगत कराया।

## चीन सीमावर्ती राज्यों में सक्रिय तीन राज्यों में सेना का हाई अलर्ट

एजेंसी

**मणिपुर ।** पहलगाम की आतंकी घटना के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और हमले के कारण चीन ने अपनी गतिविधियां सीमावर्ती भारतीय राज्यों में बढ़ा दी हैं। भारत की पूर्वी सीमा पर उत्तर पूर्वी बॉर्डर पर चीन की गतिविधियां बढ़ने से भारतीय सेना चिंतित है। चीन के द्वारा म्यांमार के रास्ते बड़ी संख्या में उग्रवादियों को भारत भेजा जा रहा है। मणिपुर में सेना के शीर्ष अधिकारियों के अनुसार उन्हें इनपुट मिला है। चीन भारत-पाकिस्तान के बीच चल रही जंग के बीच तीन राज्यों में घुसपैठ कराकर भारत के लिए चुनौती पैदा कर रहा है। म्यांमार के रास्ते से बड़ी संख्या में घुसपैठिया भारत में प्रवेश कर रहे हैं। भारतीय सेना ने इसकी रोकथाम के लिए 4000 अतिरिक्त



सैनिकों को सीमा क्षेत्र में तैनात किया है। भारतीय सेना द्वारा जगह-जगह तलाशी का अभियान चलाया गया है। चीन और बांग्लादेश की सीमा से लगे हुए राज्यों में घुसपैठ को रोकने के लिए रेलवे पुलिस, बीएसएफ एवं अन्य सुरक्षा कर्मियों को लगाया गया है। एक विदेशी ड्रोन दुगार्पुर बार्डर के गांव में भी मिला है। यहां से बीएसएफ ने 17 बांग्लादेशी को भारतीय सीमा में घुसते हुए पकड़ा था। इसमें उग्रवादी संगठन जमात उल मुजाहिदीन के दो सदस्य थे। अरुणाचल प्रदेश में भी चीन की गतिविधियां बढ़ी तेजी के साथ बढी हैं।

## 28 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट, पश्चिम बंगाल में 3 की मौत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में इस वक्त मिलाजुला मौसम चल रहा है। मध्य प्रदेश के 34 जिलों में हीटवेव की संभावना है तो देश के 28 राज्यों में आंधी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इधर पश्चिम बंगाल में बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। बता दें कि मौसम विभाग ने शुक्रवार को 28 राज्यों में आंधी-तूफान और बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, हरियाणा, पंजाब भी शामिल हैं। मध्य प्रदेश के 21 जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी है। बाकी जिलों में हीटवेव के आसार हैं। बिहार में पटना समेत 24 जिलों में हीटवेव का यलो अलर्ट है। 14 जिलों में बारिश की संभावना है।



पश्चिम बंगाल के नादिया और जलपाईगुड़ी में बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत और 5 लोग झुलस गए। बारिश से बचने के लिए ये लोग पेड़ के नीचे खड़े थे, तभी बिजली गिरी। वहीं, झारखंड के चाईबासा में गुरुवार को बिजली की चपेट में आने से एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई। राजस्थान के 6 जिलों में गुरुवार को अधिकतम तापमान 44.0 डिग्री सेल्सियस पार पहुंच गया। श्रीगंगानगर में सीजन का सबसे ज्यादा तापमान (45.8 डिग्री सेल्सियस) दर्ज किया गया। राज्य के 11 जिलों में कल बारिश का अलर्ट है। बीकानेर-श्रीगंगानगर में लू की चेतावनी है। शनिवार यानी 17 मई को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और झारखंड में मौसम खराब बना रहेगा। साथ ही ओडिशा में भी गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। दक्षिण भारत में कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और लक्षद्वीप में तेज बारिश का असर रहेगा। पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में लगातार भारी बारिश जारी रहने की संभावना है। गुजरात और महाराष्ट्र में भी गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इसी तरह रविवार यानी 18 मई को अरुणाचल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, असम, मेघालय में आंधी-बारिश की चेतावनी है। गोवा, महाराष्ट्र में हल्की बारिश हो सकती है। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल में तेज बारिश की संभावना है। तेज आंधी भी चल सकती है।

## शिक्षकों ने किया विरोध प्रदर्शन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में एसएससी भर्ती मामले में सीएम ममता बनर्जी की सरकार के खिलाफ शिक्षकों ने विकास भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक पूरी नियुक्ति प्रक्रिया में गड़बड़ी की गई है। गुरुवार रात, विकास भवन के सामने प्रदर्शन कर रहे एसएससी शिक्षकों और पुलिस कर्मियों के बीच झड़प हो गई जिसके बाद पुलिस ने भारी भीड़ को तितर-बितर करने लाठीचार्ज किया जिसमें कई शिक्षक घायल हो गए। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बेरोजगार हुए शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने गुरुवार को साल्ट लेक में राज्य शिक्षा विभाग के मुख्यालय की घेराबंदी करने के लिए रेलिंग के घेरे को तोड़ दिया और लोहे के गेट तोड़ दिए।

## भाजपा अपने फूट, चूक और लूट के लिए जानी जाएगी: अखिलेश

एजेंसी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पाकिस्तान के साथ सीजफायर पर जश्न मनाने को लेकर सवाल उठाया। इसके बाद बीजेपी ने अखिलेश की मानसिकता पर सवाल खड़े कर दिए। भारत-पाक के बीच सीजफायर चल रहा है। अखिलेश ने एक दिन पहले कहा था कि आखिरकार हमारी सीमाएं इतनी सुरक्षित क्यों नहीं हैं? कोई भी हमारी सीमा में घुस न पाए। सरकार को जनता को यह भरोसा दिलाना चाहिए कि अब कभी हमला नहीं होगा। भाजपाई पूरी तरह से झूठ का भंडार है। अखिलेश ने कहा कि बीजेपी अपने फूट, चूक और लूट के लिए जानी जाएगी। यही एक भाजपाई लोग हजारों किलोमीटर



तिरंगे के लिए चले थे। अब कुछ किलोमीटर भी तिरंगा के लिए नहीं चल पा रहे हैं। जश्न जीत का होता है, सीज का नहीं। बता दें पहलगाम हमले के बाद से भारत-पाक की स्थिति तनावपूर्ण है। अखिलेश ने कहा कि सरकार अपनी सीमाओं को इतना मजबूत क्यों नहीं कर देती कि अगली बार चूक की कोई गुंजाइश ना हो। सरकार कह रही है कि अगली बार मुंह तोड़ जवाब देंगे। क्या यह सरकार फिर हमले की तैयारी कर रही है? उन्होंने कहा कि जनता जागरूक और समझदार है।

## साइबर ठगी का शिकार हुआ निवृत्त कर्मचारी, गंवाए 63.30 लाख रुपए

एजेंसी

**सूरत ।** सूरत के बारडोली से साइबर ठगी की घटना सामने आई है, जिसमें एक निवृत्त कर्मचारी ने रु. 63.30 लाख रुपए गंवा दिए पूरा मामला तब सामने आया है कर्मचारी के बेटे को इसका पता चला और उसने अपने पिता को बगैर डरे पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। जानकारी के मुताबिक सूरत जिले में बारडोली के चाणक्यपुरी निवासी निवृत्त कर्मचारी अजय चावडा को किसी अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया, जिसमें कहा गया कि मुंबई में जेट एयरलाइंस में 680 करोड़ के फ्राड में आपके बैंक एकाउंट का उपयोग किया गया है। इसलिए हम बैंक एकाउंट का ब्यौरा भेज रहे हैं, जिसमें बिना किसी विलंब के रकम जमा कराएं। हालांकि अजय चावडा ने इस बात को कोई तवज्जो नहीं दी। इसके दूसरे दिन फिर अजय चावडा को वीडियो कोल आया। जिसमें मुंबई के कोलाबा पुलिस थाने का सेटअप दिख रहा था और तीन लोग वीडियो कोल में बात कर रहे थे। तीन में एक व्यक्ति को खुद की पहचान सीबीआई अधिकारी और दूसरे ने न्यायधीश बतायी सीबीआई और न्यायधीश का नाम सुनकर अजय चावड़ा घबरा गए। वीडियो कोल कर रहे ठगों ने अजय चावडा से कहा कि आपके नाम अरेस्ट वारंट जारी हुआ है। साथ ही आपके बैंक एकाउंट को फ्रीज करने का ऑर्डर भी आया है।

## शेख हसीना के बेटे अमेरिका के नागरिक बने

**वाशिंगटन ।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद ने अमेरिका की नागरिकता प्राप्त कर ली है। उन्होंने वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी नागरिक के रूप में शपथ ग्रहण की है। सजीव ने पासपोर्ट के माध्यम से नागरिकता के लिए आवेदन किया था। अमेरिकी सरकार ने उन्हें नागरिकता देने का निर्णय लिया। उसके बाद उन्होंने अमेरिकी नागरिक के रूप में शपथ ली। इस शपथ ग्रहण समारोह में 22 लोग शामिल थे। सजीव के साथ बांग्लादेश के तीन नागरिकों ने भी अमेरिका की नागरिकता प्राप्त की है। अमेरिकी नागरिकता मिल जाने के बाद अब वह अमेरिका के बाहर भी अपनी यात्रा कर सकेंगे।

## सोते समय प्राकृतिक खुशबू सूंघने से याददाश्त में सुधार

एजेंसी

**कैलिफोर्निया ।** अगर व्यक्ति रात को सोते समय प्राकृतिक खुशबू को नियमित रूप से सूंघता है, तो उसकी याददाश्त में 226 फीसदी तक का सुधार देखा जा सकता है। कैलिफोर्निया की यूनिवर्सिटी इरविन के वैज्ञानिकों ने ताजा रिसर्च में ये बेहद चौंकाने वाला खुलासा किया है। वैज्ञानिकों ने यह प्रयोग विशेष रूप से 60 से 85 वर्ष की आयु के बुजुर्गों पर किया, जिसमें उन्हें छह महीने तक हर रात नेचुरल अरोमा (प्राकृतिक खुशबू) का अनुभव कराया गया। रिसर्च के दौरान पाया गया कि इन खुशबुओं की मदद से न केवल नींद की गुणवत्ता बेहतर हुई, बल्कि प्रतिभागियों की याद रखने की क्षमता



में भी जबरदस्त सुधार देखने को मिला। रिपोर्ट के अनुसार, खुशबू सूंघने वालों को दिन की घटनाओं को याद रखने में आसानी हो रही थी और उनकी स्मृति क्षमता उन लोगों की तुलना में काफी अधिक बेहतर हो गई थी, जिन्होंने यह प्रयोग नहीं किया था। वैज्ञानिकों का कहना है कि नींद के दौरान मस्तिष्क का वह हिस्सा ज्यादा सक्रिय होता है जो यादें संजोने और उन्हें संरक्षित रखने का काम करता है। ऐसे में जब व्यक्ति सोते समय किसी विशेष प्राकृतिक सुगंध का अनुभव करता है, तो वह दिमाग की उन नसों को उत्तेजित करता है जो स्मृति से जुड़ी होती हैं। इस वजह से नींद अधिक गहरी होती है और दिमाग में मौजूद जानकारियों की प्रोसेसिंग और स्टोरेज भी ज्यादा प्रभावी ढंग से होती है। रिसर्च के मुताबिक, जिन लोगों ने छह महीने तक नियमित रूप से यह खुशबू सूंघी, उनकी कार्यक्षमता में भी सुधार देखा गया। इस प्रयोग में लैवेंडर, गुलाब, संतरा और यूकलिप्टस जैसी प्राकृतिक खुशबुओं का इस्तेमाल किया गया, जिन्हें हर रात एक तय समय पर सक्रिय किया गया था। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह प्रक्रिया न सिर्फ याददाश्त के लिए लाभकारी है, बल्कि यह मानसिक तनाव, नींद की समस्या और उम्रजनित भूलने की बीमारी जैसी स्थितियों में भी राहत देने में मददगार हो सकती है।

## तुर्की का स्वदेशी जागरण मंच ने किया विरोध

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के दौरान पाकिस्तान का समर्थन देने पर तुर्की के खिलाफ विरोध लगातार जारी है। तुर्की सेब और मार्बल व्यापारियों ने भी तुर्की सामान का बहिष्कार किया है। स्वदेशी जागरण मंच नई दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे थे जिन्हें तुर्की दूतावास जाने से पहले ही पुलिस ने रास्ते में रोक दिया और स्वदेशी जागरण मंच के सदस्यों को हिरासत में ले लिया है। बता दें भारत ने हाल ही में नई दिल्ली के साथ सशस्त्र संघर्ष के दौरान पाकिस्तान को तुर्की और अजरबैजान के समर्थन के बाद इन दोनों देशों के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों की यात्राएं रद्द कर दी हैं। ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद



बढ़ते तनाव के बीच दोनों देशों द्वारा सार्वजनिक रूप से पाकिस्तान का समर्थन किए जाने के बाद भारत में तुर्की और अजरबैजान के बहिष्कार की मांग की जा रही है। बता दें पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के अपने असफल प्रयास में तुर्किये के ड्रोन का इस्तेमाल किया था। तुर्किये और अजरबैजान, दोनों देशों ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले की निंदा की थी। भारत का तुर्किये को निर्यात अप्रैल, 2024 से फरवरी, 2025 के दौरान 5.2 अरब डॉलर रहा, जबकि 2023-24 में यह 6.65 अरब डॉलर था। यह भारत के कुल 437 अरब डॉलर के निर्यात का सिर्फ 1.5 फीसदी है। वहीं, भारत का अजरबैजान को निर्यात अप्रैल, 2024 से फरवरी, 2025 के दौरान मात्र 8.60 करोड़ डॉलर रहा, जबकि 2023-24 में यह 8.96 करोड़ डॉलर था। यह भारत के कुल निर्यात का मात्र 0.02 फीसदी है। तुर्किये से भारत का आयात अप्रैल, 2024 से फरवरी, 2025 के दौरान 2.84 अरब डॉलर था, जबकि 2023-24 में यह 3.78 अरब डॉलर था। यह भारत के कुल 720 अरब डॉलर के आयात का सिर्फ 0.5 फीसदी है।

## चीन में सुबह सुबह कांपी धरती

**बीजिंग।** चीन में अभी सुबह-सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 4.5 मापी गई है। अभी तक इस भूकंप से नुकसान की खबर नहीं है। हालांकि, भूकंप के झटके से चीन के लोग डर गए और घर से बाहर भागने लगे। दरअसल, चीन में आज सुबह 6 बजकर 29 मिनट पर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.5 मापी गई। यह भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर था। यह भूकंप युन्नान प्रांत के निकटवर्ती क्षेत्र में आया। भूकंप की तीव्रता बहुत जोरदार नहीं थी, जिस वजह से जान-माल के कम ही नुकसान होने की संभावना है। क्योंकि इस भूकंप की गहराई कम थी, इसलिए इसके झटके लोगों ने अच्छे से महसूस किए। चीन में कई लोगों की नींद भी भूकंप के कारण ही खुली।

## संसद में झूठ बोलकर फंस गए पाक के विदेश मंत्री

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार की फजीहत हो रही है। अपने ही घर में घिरे डार की बोलती इसलिए बंद है कि उन्होंने संसद में झूठ बोलकर देश को गुमराह करने की कोशिश की है। पाकिस्तान में ब्रिटिश अखबार की एक कटिंग वायरल की गई, जिसका शीर्षक था- आसमान का राजा है पाकिस्तान की वायुसेना। इस हेडिंग वाली अखबार के फर्जी पेज को सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया गया। यहां तक कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने तो इसी का जिक्र करते हुए संसद में वायुसेना की शान में कसीदे भी पढ़ डाले। अब पाकिस्तान के ही अखबार ने इसका फैक्ट चेक किया है, जिसमें यह पूरी तरह फर्जी पाया गया है। भारत की ओर से पहले ही



ऐसे दावों की धज्जियां उड़ाई गई थीं। अब पाकिस्तान को वहीं की मीडिया ने आईना दिखाया है। दरअसल, एक अखबार कटिंग सोशल मीडिया पर वायरल कराई गई थी, वह पूरी तरह फर्जी थी। 10 मई का अंक बताकर उसे शेयर किया जा रहा था, जबकि अखबार ने उस दिन भारत या पाकिस्तान पर कोई खबर ही फ्रंट पेज पर नहीं छापी थी। इसके अलावा एक प्रतिष्ठित अखबार का फ्रंट पेज बताकर जिस तस्वीर को शेयर किया जा रहा था, उसमें ऐसी स्पेलिंग की गलतियां थीं, जो साफ करती हैं कि कैसे नकल में भी अक्ल का इस्तेमाल नहीं किया गया। इशाक डार तक ने इसी फर्जी कटिंग के सहारे पाकिस्तानी वायुसेना की तारीफ कर डाली और जब फैक्ट चेक हुआ तो चुप्पी साध गए। इस तरह पाकिस्तानी अखबार के ही फैक्ट चेक ने वहां झूठे दावे करने वालों की बोलती बंद कर दी है। यही नहीं एक और दावा यह था कि पाकिस्तान ने उधमपुर बेस को तबाह कर दिया है और ऐसे दावे के साथ एक वीडियो भी शेयर हो रहा था। यह दावा भी एकदम फर्जी निकला है क्योंकि वीडियो हनुमानगढ़ की एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने का है। यह उधमपुर एयरबेस का नहीं है।

# अब भीषण गर्मी में भी गैस चैंबर बनने लगी दिल्ली

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) ने लोगों की टेंशन बढ़ा दी है। लगातार दूसरे दिन भी एक्यूआई में वृद्धि हो रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, शुक्रवार को भी दिल्ली में हवा की गुणवत्ता खराब रही। कई क्षेत्रों में एक्यूआई 300 के आंकड़े को पार कर गया था। आज सुबह इंडिया गेट के आसपास एक्यूआई 249 दर्ज किया गया। विशेषज्ञों ने भी इस पर चिंता जताई है। लेकिन, सवाल यह है कि दिल्ली में गर्मियों में हवा की गुणवत्ता क्यों गिर रही है? बताया जा रहा है कि मई में कुछ दिनों से दिल्ली में धूल भरी आंधी और मौसमी परिस्थितियों की कमी के



कारण हवा की गुणवत्ता में गिरावट आई है। बीते दिन खराब हवा की गुणवत्ता के कारण दिल्ली का एक्यूआई कुछ समय के लिए 500 के आंकड़े को पार कर गया था, जो खतरनाक स्तर को दर्शाता है। मौसम विज्ञानिकों ने वायु प्रदूषण के कई कारण बताए हैं। उनके अनुसार, पाकिस्तान के सीमावर्ती इलाकों से उठा धूल भरा तूफान दिल्ली तक पहुंच रहा है। इसके अलावा, गर्मी में कम हवा की गति और नमी की कमी के कारण दिल्ली में प्रदूषक तत्व हवा में जमा हो रहे हैं। दिल्ली में सड़क की धूल, निर्माण कार्य और वाहनों का उत्सर्जन भी एक्यूआई को बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं। प्रदूषण बोर्ड ने मास्क पहनने और धूल भरे वातावरण में जाने से बचने की सलाह दी है। सरकार ने नियंत्रण के लिए पानी का छिड़काव बढ़ाने की योजना बनाई है, लेकिन स्थायी समाधान की कमी चिंता का विषय बनी हुई है। आंकड़ों के अनुसार, सुबह 7:05 बजे तक शहर के कई हिस्सों में एक्यूआई के स्तर में वृद्धि दर्ज की गई। अशोक विहार 322, मुंडका 406, नरेला 305, पटपड़गंज 315, रोहिणी 331 और वजीरपुर 410 के साथ टॉप पर रहा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इस अचानक पर्यावरणीय बदलाव के लिए 14 मई को रात 10:00 बजे से 11:30 बजे के बीच आईजीआई हवाई अड्डे के पास पालम क्षेत्र में चलने वाली तेज और धूल भरी हवाओं को जिम्मेदार ठहराया। इन हवाओं के कारण दृश्यता 4500 मीटर से घटकर 1200 मीटर रह गई थी। हवा की गति 30-40 किमी/घंटा तक पहुंच गई, जिससे पूरे क्षेत्र में तेजी से धूल फैल गई। एनवायरोकैटालिस्ट्स के संस्थापक और प्रमुख विश्लेषक सुनील दहिया ने कहा, गर्मियों के महीनों में धूल भरी आंधी, शुष्क परिस्थितियों और सड़कों, निर्माण स्थलों और कचरा डंपिंग क्षेत्रों से धूल उड़ाने वाली तेज हवाओं के कारण भारत-गंगा के मैदानी इलाकों (आईजीपी) के शहरों में पीएम10 का स्तर खतरनाक रूप से बढ़ जाता है।

## पश्चिमी देश भारत और चीन को लड़ाने की कोशिशों में लगे : सर्गेई लावरोव

एजेंसी

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अपने एक अहम बयान में कहा है कि पश्चिमी ताकतें भारत और चीन को आमने-सामने लाने की रणनीति पर काम कर रही हैं, ताकि एशिया में अस्थिरता फैलाई जा सके। उन्होंने पश्चिमी देशों पर एशिया में टकराव की साजिश रचने का गंभीर आरोप लगाया। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने यह बयान फ्यूचर विदआउट बॉर्डर्स क्लब के एक कार्यक्रम में दिया। रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि पश्चिमी देश अब एशिया-प्रशांत क्षेत्र को इंडो-पैसिफिक कहना शुरू कर चुके हैं, जो एक राजनीतिक बदलाव का संकेत है। उन्होंने कहा, यह शब्दावली केवल शब्दों का खेल नहीं, बल्कि रणनीतिक दिशा में बदलाव है, जिससे चीन को निशाना



बनाया जा रहा है और भारत को उसमें एक मोहरा बनाने की कोशिश हो रही है। लावरोव ने साफ तौर पर कहा कि यह बदलाव चीन के खिलाफ एक स्पष्ट राजनीतिक लाइन खींचने का प्रयास है, जिससे भारत और चीन जैसे पड़ोसी देशों के रिश्तों में खटास पैदा की जा सके। लावरोव ने आरोप लगाया कि पश्चिमी देश एशियन (एसोसिएशन ऑफ साउथईस्ट एशियन नेशंस) को भी कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं।

## खास खबर

### जेएसडब्ल्यू एनर्जी का मुनाफा 20.05 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** विद्युत उत्पादक कंपनी जेएसडब्ल्यू एनर्जी का 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में सकल मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 345.27 करोड़ रुपये के मुकाबले 20.05 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 414.51 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही में उसे 414.51 करोड़ रुपये का सकल मुनाफा हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही के 345.27 करोड़ रुपये के मुकाबले 20.05 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में उसकी कुल आय 2,879.35 करोड़ रुपये से 21.5 प्रतिशत बढ़कर 3,497.39 करोड़ रुपये हो गई। इसी तरह उसका कुल व्यय भी 2,547.28 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,142.05 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

### जापान की अर्थव्यवस्था की वार्षिक वृद्धि दर घटकर 0.7 प्रतिशत

**तोक्यो।** जापान की अर्थव्यवस्था की वार्षिक वृद्धि दर 2025 की पहली तिमाही में घटकर 0.7 प्रतिशत रह गई। मंत्रिमंडल कार्यालय के शुक्रवार को जारी मौसमी रूप से समायोजित प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, जापान का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद जनवरी-मार्च में अक्टूबर दिसंबर 2024 की तुलना में अपेक्षा से अधिक 0.2 प्रतिशत सिकुड़ गया। एक साल में पहली बार इसमें संकुचन दर्ज किया गया। जापान की अर्थव्यवस्था 2024 की अंतिम तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में 2.4 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ी थी। निर्यात में 2.3 प्रतिशत की वार्षिक दर से गिरावट आई। उपभोक्ता व्यय स्थिर रहा, जबकि पूंजी निवेश में 5.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अमेरिकी शुल्क से जापान के बड़े निर्यातकों, खास तौर पर मोटर वाहन विनिमार्ताओं को नुकसान होने की आशंका है। न केवल जापान से भेजे जाने वाले उत्पादों के लिए, बल्कि मेक्सिको और कनाडा जैसे अन्य देशों से भीड्ड। अधिकारियों ने माना कि प्रतिक्रिया की योजना बनाना एक चुनौती है क्योंकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपना रुख बदलते रहते हैं।

### इंडसंड बैंक की आंतरिक ऑडिट में चूक की होगी जांच

**नई दिल्ली।** इंडसइंड बैंक की आंतरिक ऑडिट में हुई एक गंभीर चूक ने बैंक की छवि पर सवाल उठा दिया है। बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज को सूचित किया कि 674 करोड़ की राशि को गलत तरीके से ब्याज आय के रूप में दर्ज किया गया था। यह चूक 10 जनवरी 2025 को रिवर्स कर दी गई है, लेकिन इससे पहले यह राशि बैंक की बैलेंस शीट में शामिल हो चुकी थी। जानकारी के मुताबिक इस चूक का पता तब लगा जब व्हिसलब्लोअर की एक शिकायत मिली, जिसमें माइक्रोफाइनेंस पोर्टफोलियो से जुड़ी अनियमितताओं की ओर इशारा था। बैंक ने यह भी जाहिर किया कि 595 करोड़ की राशि को अनवेरिफाइड बताया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर दिया गया। बैंक ने घोषित किया कि गलतियों के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और आंतरिक नियंत्रण प्रणाली को मजबूत बनाने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। इन घटनाओं के बाद, रिजर्व बैंक ने एक एक्जीक्यूटिव कमेटी की गठन की अनुमति दी है, जो नए सीईओ की नियुक्ति तक बैंक के संचालन की ज़िम्मेदारी संभालेगी।

### एसबीआई ने होम लोन की ईएमआई में नहीं किया बदलाव

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मई 2025 के लिए अपनी लेंडिंग रेट्स में कोई बदलाव नहीं किया है। बैंक ने अपनी मार्जिनल कॉस्ट बेस्ड लेंडिंग रेट यानी एमसीएलआर और रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट (आरएलएलआर) को पहले जैसी ही बनाए रखा है। इससे लोन लेने वाले ग्राहकों पर बोझ नहीं बढ़ेगा। अप्रैल 2025 में आरबीआई ने अपनी एमपीसी बैठक में रेपो रेट को 6.25 फीसदी से घटाकर 6.00 फीसदी कर दिया था। इसके बाद एसबीआई ने भी अपने बाहरी बेंचमार्क से जुड़ी लोन दरों में 25 बेसिस पॉइंट्स यानी 0.25 फीसदी की कटौती की थी। गौरतलब है कि एमसीएलआर भारतीय रिजर्व बैंक की ओर विकसित की गई।

# बजाज आलियांज लाइफ ने लॉन्च की सुपर फ्लेक्सिबल मार्केट-लिंक्ड पेंशन योजना

- नए फंड ऑफर से जुड़ा, बजाज आलियांज लाइफ निफ्टी 200 अल्फा 30 इंडेक्स पेंशन फंड दीर्घकालिक धन सृजन को बढ़ावा देगा
- वेस्टिंग आयु 45 वर्ष से शुरू होगी
- पॉलिसी अवधि 10 वर्ष से लेकर अधिकतम वेस्टिंग आयु तक

एजेंसी

**रांची।** भारत में निजी क्षेत्र की प्रमुख बीमा कंपनियों में से एक, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने बजाज आलियांज लाइफ स्मार्ट पेंशन योजना लॉन्च की है जो यूनिट-लिंक्ड, गैर-भागीदारी वाली व्यक्तिगत पेंशन योजना है। यह ग्राहकों को अपनी सेवानिवृत्ति योजना पर अधिक नियंत्रण रखने में मदद करती है। यह योजना, सेवानिवृत्ति कोष तैयार करने में मदद करने के लिए डिजाइन की गई है, जिसका उपयोग जीवन भर की गारंटीशुदा आय हासिल करने और सेवानिवृत्त के बाद के दिनों में जीवन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए किया जा सकता है। यह योजना हाल ही में लॉन्च किए गए बजाज आलियांज लाइफ निफ्टी 200 अल्फा 30 इंडेक्स पेंशन फंड से जुड़ी है, जो लोगों को वित्तीय रूप से सुरक्षित सेवानिवृत्ति की योजना बनाने में मदद करने के लिए उच्च विकास क्षमता प्रदान करती है। ग्राहक अपने जोखिम-लाभ से जुड़ी प्राथमिकताओं के आधार पर इस उत्पाद के अंतर्गत उपलब्ध पांच अन्य फंड विकल्पों में से भी चुन सकते हैं। केवल 10 साल से शुरू होने वाली यह पॉलिसी अवधि और 45 वर्ष की कम उम्र की वेस्टिंग आयु के साथ, यह योजना कई बेहतरीन विशेषताएं प्रदान करती है।

**इस योजना की कुछ मुख्य बातें:**

ट्ट यह ग्राहकों को वेस्टिंग के समय संचित कोष के 60% तक की राशि कर-मुक्त निकालने में मदद करती है, दीर्घकालिक निवेशकों को लॉयल्टी एडिशन और 15वें पॉलिसी वर्ष के अंत में वेस्टिंग बूस्टर प्रदान करती है। ग्राहकों को अपने सेवानिवृत्ति लक्ष्यों के आधार पर वेस्टिंग तिथि को स्थगित करने की सुविधा भी मिलती है। यह योजना, हाल ही में लॉन्च किए गए बजाज आलियांज लाइफ निफ्टी 200 अल्फा 30 इंडेक्स पेंशन फंड के साथ आती है, जो निफ्टी 200 से उच्च-अल्फा स्टॉक में निवेश करती है। यह फंड जेन्सेन्स अल्फा का उपयोग करता है- यह बाजार की अपेक्षा से अधिक प्रदर्शन का एक माप है, जो उच्च रिटर्न के लिए सबसे मजबूत क्षमता वाले 30 स्टॉक का चयन करता है। यह रणनीति निवेशकों को एकल सेवानिवृत्ति-केंद्रित समाधान के भीतर विविधीकरण और बाजार से जुड़ी संपत्ति सृजन से लाभ उठाने में सक्षम बनाती है। पांच अन्य फंड विकल्प उपलब्ध हैं, जो ग्राहकों को अपनी जोखिम-लाभ प्राथमिकताओं के साथ संरेखित करने में मदद करते हैं।

बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी, श्री तरुण चुघ ने लॉन्च पर अपनी टिप्पणी में कहा, वैश्विक स्तर पर, सेवानिवृत्त लोगों के पास दूसरे आय स्रोत के रूप में सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध है, जबकि अधिकांश भारतीयों के पास केवल पीएफ से होने वाली बचत है। इसके बावजूद व्यवस्थित सेवानिवृत्ति योजना अभी भी आबादी के एक बड़े हिस्से के लिए प्राथमिकता नहीं है। हमारी बाजार से जुड़ी फ्लेक्सिबल पेंशन योजना उन व्यक्तियों को मदद करेगी जो सेवानिवृत्ति के बाद अपनी वित्तीय सुरक्षा पर अधिक नियंत्रण चाहते हैं। यह उन्हें लंबी अवधि के लिए निवेश करने, उल्लेखनीय सेवानिवृत्ति कोष तैयार करने और सुनहरे दौर के दौरान स्थिर एन्युटी सुनिश्चित करने में मदद करती है। बजाज आलियांज लाइफ में, हम अपने सेवानिवृत्ति समाधान पोर्टफोलियो को निरंतर मजबूत कर रहे हैं, और यह उत्पाद उस दिशा में उठाया गया एक और कदम है। इसका उद्देश्य है, हमारे ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करना, ताकि वे सेवानिवृत्ति के बाद भी आत्मविश्वास के साथ अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें।

# कर्नाटक को जाएंगी इलेक्ट्रिक बसें : कुमारस्वामी




एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार की प्रमुख 'पीएम ई-ड्राइव' योजना के तहत कर्नाटक को चरणबद्ध तरीके से और प्राथमिकता के आधार पर इलेक्ट्रिक बसें दी जाएंगी। पीएम ई-ड्राइव पहल के तहत 9 प्रमुख शहरों को 14,000 इलेक्ट्रिक बसें आवंटित की जानी हैं। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच चर्चा में चार्जिंग स्टेशन, बस डिपो और वाहन रखरखाव प्रणाली सहित संबंधित बुनियादी ढांचे को शामिल किया गया है। दरअसल, भारी उद्योग मंत्रालय को कर्नाटक सरकार से एक औपचारिक प्रस्ताव मिला है, जिसमें केंद्र प्रायोजित पीएम ई-ड्राइव पहल के तहत इलेक्ट्रिक बसों के आवंटन की मांग की गई है। कर्नाटक के परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करने के बाद कर्नाटक सरकार को केंद्र से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। केंद्रीय मंत्री ने पुष्टि की कि आवंटन की प्रक्रिया पहले से ही चल रही है और कर्नाटक को चरणबद्ध और प्राथमिकता वाले तरीके से इलेक्ट्रिक बसें मिलेंग। मंत्रालय के मुताबिक एचडी कुमारस्वामी ने कहा, ?हम सिर्फ बसें वितरित नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम भारत के लोगों के लिए एक स्वच्छ, स्मार्ट और अधिक समावेशी परिवहन भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई पीएम ई-ड्राइव पहल का उद्देश्य 14,028 इलेक्ट्रिक बसों के साथ शहरी बस संचालन को बढ़ाना है।

# शेयर बाजार हल्की गिरावट के साथ बंद

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली वाली रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 200 अंक नीचे आकर 82,330।59 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 42।30 तकरीबन 0।17 फीसदी टूटकर 25,019।80 पर बंद हुआ। आज के कारोबार के दौरान निफ्टी पर भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज ऑटो, अदानी एंटरप्राइजेज, टाटा कंज्यूमर, इटरनल (जोमेटो) के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे जबकि भारती एयरटेल, जेएसडब्ल्यू स्टील, इंफोसिस, एसबीआई, एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर गिरे। वहीं बीएसई मिडकैप इंडेक्स में 0।8 फीसदी की तेजी रही जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स में 1



फीसदी की बढ़त रही। सेक्टरों में मीडिया, पावर, पीएसयू, रियल्टी, कैपिटल गुड्स इंडेक्स में 1-1।7 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जबकि आईटी इंडेक्स करीब एक फीसदी नीचे आया। इससे पहले आज सुबह बाजार सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन गिरावट के साथ खुला। शुरूआत कारोबार में आईटी, वित्तीय सेवाओं और फार्मा सेक्टर में बिकवाली रही। सुबह शुरूआत के बाद सेंसेक्स 231।64 अंक की गिरावट के साथ 82,299।10 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 49।95 अंक की गिरावट के साथ 25,012।15 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी बैंक 52।40 अंक की गिरावट के साथ 55,303।20 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 169।20 अंक की बढ़त के साथ 56,700।05 पर कारोबार कर रहा था केवल निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 78।45 अंक फीसदी बढ़कर 17,318।40 पर कारोबार कर रहा था। वहीं दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में चीन, हांगकांग और जापान लाल निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि बैंकॉक, जर्काता और सियोल हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। वहीं अमेरिकी बाजारों में पिछले कारोबारी सत्र में डाउ जोंस 271।69 अंक की बढ़त के साथ 42,322।75 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 24।35 अंक की बढ़त के साथ 5,916।93 पर बंद हुआ और नैस्डैक 34।49 अंक की गिरावट के साथ 19,112।32 पर बंद हुआ।

# बेलराइज इंडस्ट्रीज का आईपीओ 21 को खुलेगा, प्राइस बैंड 85-90 प्रति शेयर




एजेंसी

**नई दिल्ली/मुंबई।** बेलराइज इंडस्ट्रीज लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) निवेशकों के लिए 21 मई को खुलेगा और शुक्रवार, 23 मई को बंद होगा। कंपनी ने इसके लिए मूल्?य का दायरा (प्राइस बैंड) 85-90 रुपये प्रति शेयर तय किया है। बेलराइज इंडस्ट्रीज लिमिटेड के आईपीओ के लिए बड़े (एंकर) निवेशक 20 मई को बोली लगा सकेंगे। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि अपने पहले आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए 5 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर के लिए मूल्य का दायरा 85-90 रुपये निर्धारित किया गया है। निवेशक इसमें न्यूनतम 166 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 166 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। बेलराइज इंडस्ट्रीज लिमिटेड का यह आईपीओ पूर्णतः 2,150 करोड़ रुपये तक का नया निर्गम है, जिसमें बिक्री पेशकश (ओएफएस) का कोई प्रस्ताव नहीं है। कंपनी के मुताबिक इस इश?यू से प्राप्?त धनराशि के एक हिस्?से का उपयोग वह कर्ज का भुगतान करने के लिए 1,618 करोड़ रुपये खर्च करने का इरादा रखती है। पुणे स्थित ऑटोमोटिव कंपोनेंट कंपनी बेलराइज इंडस्ट्रीज भारत में दोपहिया, तिपहिया, चार पहिया, वाणिज्यिक वाहनों एवं कृषि वाहनों के लिए सुरक्षा-महत्वपूर्ण प्रणालियों एवं अन्य इंजीनियरिंग समाधानों की विविध श्रृंखला पेश करती है।

# आरबीआई आगामी महीनों में कर सकता है रेपो रेट में कटौती




एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) आने वाले महीनों में ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। सूत्रों से ?मिली जानकारी के मुताबिक जून से दीपावली (20 अक्टूबर) तक रेपो रेट में कुल 0.50 फीसदी की कटौती की संभावना है। इस कटौती का सीधा असर होम लोन, कार लोन और अन्य कर्जों की ईएमआई को भी प्रभा?वित करेगा। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगली बैठक 4 से 6 जून के बीच होने वाली है, जिसमें 0.25 फीसदी की कटौती लगभग तय मानी जा रही है। इसके बाद 5 से 7 अगस्त या फिर 29 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच होने वाली बैठक में एक और 0.25 फीसदी की कटौती की संभावना है। रेपो रेट में अब तक 0.50 फीसदी की कटौती हो चुकी है। आरबीआई ने इस वर्ष फरवरी से दरों में कटौती शुरू की थी और अब तक दो बैठकों में कुल 0.50 फीसदी की कटौती कर रेपो रेट को 6 फीसदी तक ला चुका है। यदि आगामी दो बैठकों में और कटौती होती है, तो यह दर और सस्ती हो जाएगी, जिससे उद्योगों को किफायती दरों पर कर्ज मिलेगा और आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। एसबीआई सिक्योरिटीज के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट ने कहा कि रेट कट के लिए सभी आर्थिक कारक अनुकूल हैं। महंगाई काबू में है, मानसून सामान्य रहने के संकेत हैं और जीडीपी स्थिर बनी हुई है। खुदरा महंगाई जुलाई 2019 के बाद सबसे निचले स्तर पर है। ऐसे में ब्याज दरों में कटौती की

# आशुतोष राणा सुना रहे हैं अपने मित्र और भारत के वीर सम्राट की गौरवगाथा

एजेंसी

**मुंबई।** सोनी टीवी गर्व के साथ प्रस्तुत कर रहा है अपना आगामी ऐतिहासिक धारावाहिक चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान, जो एक ऐसे युवा राजकुमार की अद्भुत यात्रा को दशार्ता है, जिसने असाधारण पराक्रम और बुद्धिमत्ता से भारत के इतिहास में अपना नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज कराया। यह भव्य गाथा पृथ्वीराज चौहान के प्रारंभिक जीवन, उनके सामने आई चुनौतियों और उन्हें पार करने के उनके साहस, विवेक और अदम्य उत्साह को प्रभावशाली रूप से चित्रित करती है। आशुतोष राणा, जो पृथ्वीराज चौहान के परम मित्र चंद बरदाई की भूमिका में अपने प्रभावशाली स्वर से कथा को



स्वर देंगे। अपनी सशक्त आवाज और गूँजते संवादों के लिए अलग पहचान रखने वाले राणा दर्शकों को इस ऐतिहासिक यात्रा से भावनात्मक रूप से जोड़ेंगे और उन्हें उस युग की गहराइयों में ले जाएँगे। आशुतोष राणा ने कहा, बचपन में मैंने पृथ्वीराज चौहान की वीरता, बुद्धिमत्ता और अद्वितीय साहस की कई कहानियाँ सुनी थीं, जिन्होंने मुझ पर हमेशा-हमेशा के लिए गहरा प्रभाव छोड़ा है।

# इस्पात मंत्रालय ने की कार्यों में दक्षता बढ़ाने के लिए नई वेबसाइट शुरू




एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने शुक्रवार को इस्पात मंत्रालय की नई वेबसाइट लॉन्च की। नई वेबसाइट को मंत्रालय के संचालन में पारदर्शिता, पहुंच और दक्षता बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। नई वेबसाइट में एक आधुनिक और उपयोगकताओं के अनुकूल इंटरफेस है, जिससे वेबसाइट का इस्तेमाल करना और वहां से प्रासंगिक जानकारी हासिल करना सहज हो जाता है। राजधानी नई दिल्ली स्थित उद्योग भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में नई वेबसाइट का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंड्रिक और इस्पात मंत्रालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मंत्रालय ने कहा कि नई वेबसाइट प्रशासन को बेहतर बनाने और भारतीय इस्पात क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की सरकार की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस वेबसाइट से भारतीय इस्पात उद्योग के बारे में व्यापक जानकारी मिलेगी, जिसमें उत्पादन आंकड़े, नीतिगत अपडेट और विभिन्न योजनाओं और पहलों के विवरण शामिल हैं। इसमें इंटरैक्टिव टूल, सभी डिवाइस पर सहज पहुंच के लिए उत्तरदायी डिजाइन और नियमित अपडेट भी शामिल हैं। नई वेबसाइट में संवेदनशील डेटा की सुरक्षा और मंत्रालय की ऑनलाइन उपस्थिति की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए नवीनतम साइबर सुरक्षा उपायों को शामिल किया गया है। यह वेबसाइट भारतीय सरकार की वेबसाइटों के लिए नवीनतम दिशानिर्देशों (जीआईजीडब्ल्यू) के अनुरूप भी है, जिससे विकलांगों सहित सभी नागरिकों के लिए पहुंच सुनिश्चित होती है। यह वेबसाइट विभिन्न भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है।

### रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया तीन पैसे की हल्की बढ़त के साथ ही 85.51 पर बंद हुआ। आज सुबह रुपया शुरूआती कारोबार में 12 पैसे बढ़कर 85.42 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि हालांकि व्यापार घाटे में वृद्धि, घरेलू बाजारों में कमजोर शुरूआत और ब्रेंट क्रूड की कीमतों में बढ़ोतरी जैसे कारक स्थानीय मुद्रा की बढ़त सीमित कर सकते हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.28 पर मजबूती के साथ खुला। बाद में 85.42 पर लुढ़क गया जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे की बढ़त दिखात है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.54 पर बंद हुआ।

# नागर विमानन ब्यूरो ने रद्द की तुर्किये की कंपनी की सुरक्षा मंजूरी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुरक्षा मामले में भारत की गृह मंत्रालय ने नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के निर्देशन में तुर्किये की सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेस इंडिया की सुरक्षा मंजूरी को रद्द करने का निर्णय लिया है। यह कदम भारत के सुरक्षा हित में उठाया गया है। इसके पीछे कारण यह है कि तुर्किये ने हाल ही में पाकिस्तान का समर्थन किया और भारत के खिलाफ आतंकवादी ठिकानों पर हमलों की आलोचना की थी। सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेस इंडिया देश में 9 हवाई अड्डों में सेवाएं प्रदान करती है और उसके सम्मानित संचालन के बावजूद उसकी सुरक्षा मंजूरी रद्द की गई है। कंपनी ने इस निर्णय का खंडन किया और अपने स्वामित्व के बारे में किए गए आरोपों को गलत और भ्रांतिपूर्ण बताया। सेलेबी ने भारत में स्वामित्व एवं संचालन के बारे में आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि सेलेबी एविएशन इंडिया में 65 फीसदी हिस्सेदारी अंतरराष्ट्रीय संस्थागत निवेशकों की है जिनमें कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, यूएई और पश्चिमी यूरोप के निवेशक शामिल हैं। शेष 35 फीसदी हिस्सेदारी संस्थापक सेलेबिओग्लू परिवार की है। कंपनी ने एर्दोगन की पोती के किसी भी स्वामित्व के दावों को भी खारिज किया। उसने कहा कि ये आरोप गलत और गुमराह करने वाले हैं।

# भारत में कच्चे तेल की मांग तेजी से बढ़ने की उम्मीद : ओपेक



एजेंसी

**मुंबई।** तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक ने अपने नवीनतम वैश्विक परिदृश्य में कहा है कि भारत की कच्चे तेल की मांग वर्ष 2025 और 2026 में प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में ज्यादा तेजी से बढ़ने की उम्मीद है और यह चीन की मांग की तुलना में दोगुनी होगी। भारत की तेल मांग वर्ष 2024 में 55.5 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) से बढ़कर वर्ष 2025 में 57.4 लाख बैरल प्रति दिन पर पहुंचने का अनुमान है, जो कि 3.39 प्रतिशत की वृद्धि है। इसे दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में बढ़ती ऊर्जा जरूरतों से मदद मिलेगी। अनुमान है कि 2026 में यह 4.28 प्रतिशत की दर से बढ़कर 59.9 लाख बीपीडी हो जाएगी। मांग में यह वृद्धि 2025 में चीन की तेल मांग में 1.5 प्रतिशत और 2026 में 1.25 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि से अधिक है लेकिन निरपेक्ष रूप से अमेरिका 2025 में 2.05 करोड़ बीपीडी की मांग के साथ सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता बना रहेगा, उसके बाद चीन का स्थान होगा। भारत तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। अमेरिका में 2025 में 0.09 प्रतिशत और 2026 में 0.6 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है।

### सोने का भाव फिर 93,000 के पार, चांदी कमजोर

**नई दिल्ली।** सोने में भारी गिरावट के बाद सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रववार को सोने की कीमतों में एक बार फिर तेजी जारी है। एमसीएक्स पर सोने का भाव 93,298 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है जबकि चांदी में 0.04 फीसदी की गिरावट आई है, ये 95,875 रुपए प्रति किग्रा के आसपास है। राष्ट्रीय राजधानी के सरार्फा बाजार में गुरुवार को सोने की कीमत 1,800 रुपए गिरकर 95,050 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,800 रुपए गिरकर 94,600 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। बुधवार को 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 96,850 रुपए और 96,400 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

# भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते का रास्ता साफ, सस्ती हुई अंग्रेजी शराब और कपड़े

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच हाल ही में हुए मुक्त व्यापार समझौते ने दोनों देशों के बीच व्यापार की दौड़ में नया मोड़ खोल दिया है। इस समझौते के बाद ब्रिटिश व्हिस्की, लग्जरी ब्रांड्स के कपड़े और एसेसरीज, दवाएं और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स कीमत में कमी के दरवाजे खोल दिए गए हैं। लेकिन, इसमें ये सवाल भी है कि इस यात्रा कब शुरू होगी। वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि हाल ही में संपन्न मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर जल्द ही हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। इस समझौते के तहत ब्रिटेन के बाजार में भारतीय उत्पादों पर शुल्क को शून्य कर दिया गया है और श्रमिकों के लिए यात्रा के नियमों में बदलाव किए जाएंगे। इस एग्रीमेंट का मकसद है 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार को हरी झंडी दिखाना, जिससे दोनों की अर्थव्यवस्थाएं बढ़ें। इसमें ब्रिटेन से व्हिस्की और कारों का आयात सस्ता हो जाएगा, जबकि भारतीय श्रम-गहन उत्पादों का आयात शुल्क मुक्त होगा। इस समझौते के तहत कई वस्तुओं और सेवाओं पर टैरिफ में कमी होगी या उसे खत्म किया जाएगा। कुल मिलाकर, यह एग्रीमेंट दोनों देशों के बीच गहरे व्यापार के रास्ते पर एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल उत्पादों की कीमतें कम होंगी, बल्कि दोनों देशों के अर्थव्यवस्थाओं को भी मजबूती मिलेगी।



# मैं अभी शुरुआती दौर में हूं: पलक तिवारी



हाल ही में अभिनेत्री पलक तिवारी ने अपनी मां और टीवी की जानी-मानी अदाकारा श्वेता तिवारी से बार-बार की जाने वाली तुलना पर खुलकर बात की। 'किसी का भाई किसी की जान' और 'द भूतनी' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकीं पलक का मानना है कि वह अभी करियर की शुरुआत में हैं, ऐसे में उनकी तुलना अपनी मां जैसी अनुभवी और सफल अभिनेत्री से करना सही नहीं है। पलक ने कहा कि वह अपनी मां को रोल मॉडल मानती हैं और चाहती हैं कि उनके जैसी ही शालीनता और आत्मविश्वास के साथ खुद को दर्शकों के सामने पेश करें। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, फ्रईमानदारी से कहूं तो मुझे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं इस पर चुप रहना ही बेहतर समझती हूं और मां पर ही छोड़ देती हूं। उन्होंने जो कुछ भी हासिल किया है, उसके बाद उनकी तुलना आधी उम्र के किसी व्यक्ति से करना सही नहीं है। मुझे नहीं लगता कि मैं उनकी तरह दिखती हूं, लेकिन मेरा सपना है कि एक दिन मैं भी उनके जैसी बनूं।फ्र 'बिजली-बिजली गर्ल' के नाम से मशहूर पलक ने यह भी बताया कि यदि वह दर्शकों से अपनी मां जितना जुड़ाव बना सकीं, तो वह खुद को सफल मानेंगी। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उनकी मां का टीवी इंडस्ट्री में बहुत लंबा और शानदार करियर रहा है, जबकि उनका सफर अभी शुरू ही हुआ है। पलक जल्द ही एक्शन-ड्रामा फिल्म 'रोमियो एस 3' में नजर आएंगी, जिसका निर्देशन गुड्डू धनोआ ने किया है। उन्होंने बताया कि शूटिंग के दौरान उन्होंने लगातार खुद को बेहतर साबित करने की कोशिश की और गुड्डू धनोआ जैसे अनुभवी निर्देशक के साथ काम करना उनके लिए सम्मान की बात रही। 'रोमियो एस 3' 16 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसमें पलक एक पत्रकार की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म की शूटिंग के दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि यह फिल्म उनके लिए एक बड़ा अवसर है।

## एकता कपूर के वीडियो ने फैंस में मचाई हलचल

हाल ही में टीवी और फिल्म इंडस्ट्री की क्वीन एकता कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अलग-अलग मूड्स में नजर आ रही हैं। इस वीडियो के बैकग्राउंड में क्यूंकि सास भी कभी बहू थी का आइकॉनिक ट्यून सुनाई दे रहा था, जिससे एकता ने शो से जुड़ी कुछ नई बातें शेयर करने का हिंट दिया। उनके इस वीडियो ने फैंस में भारी एक्साइटमेंट पैदा कर दिया है, और लोग इस बात का अनुमान लगा रहे हैं कि शायद एकता कपूर इस शो को फिर से लेकर कुछ नया करने वाली हैं। इसके अलावा, एकता कपूर को हाल ही में 51वें इंटरनेशनल एम्मी अवाड्र्स में इंटरनेशनल एम्मी डायरेक्टरेट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, उन्हें भारत सरकार द्वारा कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए चौथे सबसे बड़े नागरिक सम्मान, पद्म श्री से भी नवाजा गया है। एकता कपूर की यह सफलता साबित करती है कि उनका प्रभाव हर प्लेटफॉर्म पर बना हुआ है। हाल ही में एकता ने मुंबई में वेव्स समिट 2025 में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जहां उन्होंने मध्य प्रदेश की फिल्म टूरिज्म पॉलिसी 2025 लॉन्च की। इस समिट में उन्होंने मध्य प्रदेश की फिल्म इंडस्ट्री की संभावनाओं और वहां की खूबसूरत लोकेशंस को बढ़ावा देने की बात की। साथ ही, उन्होंने इस पहल के लिए वित्तीय मदद की जरूरत का भी जिक्र किया। एकता कपूर ने इस पहल के जरिए अपनी क्रिएटिविटी और दूरदृष्टि का एक और बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। बता दें कि एकता कपूर हमेशा अपनी नई और क्रिएटिव अप्रोच से चर्चा में रहती हैं। उन्होंने न सिर्फ टीवी शोज में बदलाव किए हैं, बल्कि ओटीटी और फिल्म्स में भी अपनी पकड़ मजबूत बनाई है। उनका सबसे प्रसिद्ध और यादगार शो क्यूंकि सास भी कभी बहू थी आज भी भारतीय टेलीविजन का लीजेंडरी शो माना जाता है। इस शो के जरिए एकता कपूर ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई थी, और दशकों बाद भी यह शो भारतीय टेलीविजन की यादों में बसा हुआ है।

## 'हाउसफुल 5' के नए गाने का जादू, 'दिल ए नादान' में मस्ती और ठुमकों का संगम


फिल्म 'हाउसफुल 5' का एक और गाना 'दिल ए नादान' रिलीज हो चुका है। गाने में स्टार्स के शानदार मूव्स ने फैंस का दिल जीत लिया है। गाने को नरगिस फाकरी, सोनम बाजवा, जैकलीन फर्नांडिस, अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन और रितेश देशमुख पर फिल्माया गया है। गाना पार्टी थीम पर आधारित है, इसमें डांस के साथ-साथ मस्ती का भी तड़का है।

यह गाना टी-सीरीज के यूट्यूब और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है।

इस गाने को मधुबंती बागची और सुमंतो मुखर्जी ने मिलकर गाया है। वहीं बोल कुमार ने लिखे हैं। इसके अलावा, कोरियोग्राफ आदिल शेख ने किया है। गाने को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। यह गाना फिल्म का दूसरा म्यूजिक ट्रैक है, इससे पहले फिल्म का 'लाल परी' गाना रिलीज किया गया था। इस गाने को सिमर कौर और यो यो हनी सिंह ने गाया, जबकि कोरियोग्राफ रेमो डिसूजा ने किया। गाने में हनी सिंह और अक्षय कुमार की जोड़ी फिर से साथ देखने को मिली। इससे पहले ये दोनों कई हिट गानों में काम कर चुके हैं, जिसमें 'पार्टी ऑल नाइट', 'कुड़ी चमकीली', 'बॉस' जैसे गाने शामिल हैं। गाने में सभी कलाकार क्रूज पर नाचते-उछलते देखे जा सकते हैं। इसमें पूरा स्टारकास्ट नजर आ रहा है। संजय दत्त, जैकी श्रॉफ और अक्षय कुमार भी एक फ्रेम में देखे जा सकते हैं।

फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, सौंदर्या शर्मा, चित्रांगदा सिंह, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, जैकलीन फर्नांडिस, सोनम बाजवा, नरगिस फाखरी, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े, डीनो मोरिया, निकितेन धीर, रंजीत, जैकी श्रॉफ, संजय दत्त और नाना पाटेकर लीड रोल में नजर आएंगे। अक्षय कुमार और रितेश देशमुख शुरू से ही इस फेंचाइजी का हिस्सा रहे हैं। बाकी कलाकार बाद में जुड़ते गए।

'हाउसफुल' फ्रेंचाइजी की पहली कॉमेडी फिल्म साल 2010 में आई थी। दो साल बाद 'हाउसफुल 2' आई। इन दोनों फिल्मों को साजिद खान ने डायरेक्ट किया था। 2016 में 'हाउसफुल 3' रिलीज हुई, जिसे साजिद और फरहाद ने निर्देशित किया। 2019 में 'हाउसफुल 4' पर्दे पर रिलीज हुई। इसे फरहाद सामजी ने डायरेक्ट किया। अब 'हाउसफुल 5' का निर्देशन तरुण मनसुखानी कर रहे हैं। वहीं साजिद नाडियाडवाला इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं।



## द रॉयल्स में निभाए किरदार को लेकर नोरा फतेही की हो रही तारीफ



बालीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही द्वारा ओटीटी सीरीज़ द रॉयल्स में निभाए गए किरदार को लेकर उनकी तारीफ हो रही है। ओटीटी सीरीज में नोरा ने आयशा ढोंडी का किरदार निभाया है, अपने प्रदर्शन के लिए मिल रही तारीफों का भरपूर आनंद ले रही हैं।

इस सराहना के बीच, नोरा ने अपने प्रशंसकों के साथ एक खास पर्दे के पीछे की झलक साझा की। इन बीटीएस तस्वीरों में नोरा गुलाबी रंग की भव्य साड़ी में नजर आ रही हैं, जो शाही गरिमा और शांत शक्ति का प्रतीक बनती हैं। उनके सॉफ्ट-ग्लैम मेकअप और बारीकी से चुनी गई ज्वेलरी ने फैशन प्रेमियों और प्रशंसकों दोनों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। इन तस्वीरों के साथ नोरा ने दर्शकों को उनके अभिनय और किरदार को इतना अपनापन देने के लिए धन्यवाद कहा। नोरा ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'द बैडी, प्रिंसेस आयेशाज आइकॉनिक और खतरनाक इस मौके पर मैं उन सभी को दिल से धन्यवाद कहना चाहती हूं, जिन्होंने द रॉयल्स में आयशा के रूप में मेरे प्रदर्शन को इतना प्यार और सराहना दी-यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।' हालांकि नोरा की स्टाइलिंग लाजवाब थी, असली ध्यान उनके ऑन-स्क्रीन अभिनय पर था। आयशा ढोंडी के रूप में नोरा ने बेहद नियंत्रित और प्रभावशाली भावनाओं के साथ अभिनय किया। उनके हाव-भाव, बॉडी लैंग्वेज और स्क्रीन प्रेज़ेंस ने उन्हें सीरीज़ की सबसे दमदार झलकियों में से एक बना दिया।

फैन-फेवरिट म्यूज़िकल सीक्वेंस 'अदाएं तेरी' को महज 45 मिनट में शूट किया गया, जिसमें नोरा और ईशान खट्टर के बीच बेहतरीन केमिस्ट्री को बखूबी दर्शाया गया, जिसे दर्शक प्योर स्क्रीन मैजिक मान रहे हैं। नोरा इस समय एक बड़ी ग्लोबल स्टार पावर के रूप में धूम मचा रही हैं। उनका हिट सिंगल स्नेक, जो जेसन डेरुलो के साथ है, 130 मिलियन व्यूज पार कर चुका है। अभिनय के मोर्चे पर, नोरा ने हाल ही में बी हैप्पी में अपनी भूमिका के लिए प्रशंसा प्राप्त की और अब वह कंचना 4 में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही हैं।

## आशुतोष राणा बोले-'पृथ्वीराज चौहान' में मेरी भूमिका मेरे लिए बहुत खास है

दिग्गज अभिनेता आशुतोष राणा ने ऐतिहासिक महाकाव्य 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' का हिस्सा बनने पर गर्व जताया। दरअसल, राणा पृथ्वीराज चौहान के भरोसेमंद दोस्त चंद बरदाई के किरदार को अपनी आवाज दे रहे हैं। वह इस महाकाव्य गाथा के जरिए दर्शकों का मार्गदर्शन करेंगे। शो का हिस्सा बनने पर अपने विचार साझा करते हुए, आशुतोष राणा ने कहा, 'मैं बचपन में पृथ्वीराज चौहान की कहानियां सुनता था, जो मेरे दिल में गहराई तक बस गईं। अब जब उन्हें इन्हीं कहानियों का हिस्सा बनने का मौका मिला है, तो यह मेरे लिए एक भावनात्मक रूप से बहुत खास अनुभव है। एक अभिनेता के रूप में, मैंने हमेशा माना है कि आवाज में बहुत ताकत होती है। इस नैरेशन के जरिए, मैं कहानी में गहराई और गरिमा लाना चाहता हूं। जो भावनाएं मैं लेकर चल रहा हूं, वो ताकत, जुनून और सम्मान से जुड़ी हैं और ये इस शो की आत्मा से मेल खाती है।'



'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' एक ऐतिहासिक धारावाहिक है, जो महान योद्धा राजा पृथ्वीराज चौहान के जीवन पर आधारित है। यह पृथ्वीराज चौहान के जीवन के सफर को दिखाती है कि कैसे एक मासूम, युवा राजकुमार धीरे-धीरे एक महान और सम्मानित सम्राट बनता है। कहानी दिखाती है कि कैसे पृथ्वीराज चौहान ने खुद को एक शक्तिशाली योद्धा और सम्राट में बदला। शो में उन महत्वपूर्ण घटनाओं को दिखाया गया है जो पृथ्वीराज को इतिहास में अमर बनाते हैं, जैसे युद्ध, राजनीतिक निर्णय और बलिदान। यह सिर्फ एक राजा की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस यात्रा की गाथा है जिसमें एक युवा बालक संघर्षों, वीरता और निर्णयों के जरिए एक ऐसा सम्राट बनता है, जिसकी विरासत आज भी भारतीय इतिहास में चमकती है। यह सीरीज प्रेरणा, शौर्य और नेतृत्व की जीवंत झलक है। इस शो में अनुजा साठे, रोनित रॉय, रूमी खान और पद्मिनी कोल्हापुरी अहम किरदार में हैं। दिग्गज एक्ट्रेस पद्मिनी कोल्हापुरी 11 साल बाद टीवी पर शानदार वापसी कर रही हैं। वह राजमाता की शक्तिशाली भूमिका में नजर आएंगी। टीवी पर वापसी को लेकर पद्मिनी कोल्हापुरी ने पहले कहा था, 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान की दुनिया में कदम रखना मेरे लिए बेहद खास है, न केवल इसलिए कि मैं शक्तिशाली भूमिका निभा रही हूं, बल्कि इसलिए भी कि यह लगभग 11 सालों के बाद टेलीविजन पर मेरी वापसी का प्रतीक है। टीवी पर मेरी यात्रा सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के साथ शुरू हुई, और अब इतने सालों के बाद, मैं उसी चैनल पर एक ऐसी भूमिका के साथ लौट रही हूं, जो चुनौतीपूर्ण और संतोषजनक दोनों है।' यह शो 4 जून को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रीमियर के लिए तैयार है।



## मुंबई छोड़कर बीकानेर में शिफ्ट हुई चारू असोपा

हाल ही में एक्ट्रेस चारू असोपा ने अपनी नाखुश शादी को खत्म कर, सिंगल मदर के तौर पर अपनी बेटी जियाना के साथ नई जिंदगी की शुरुआत की। वह मुंबई छोड़कर राजस्थान के बीकानेर में शिफ्ट हो गईं, जिससे सभी हैरान रह गए। वहीं, राजीव सेन ने अपनी नई तस्वीरों से इंटरनेट पर हलचल मचा दी है। राजीव की तस्वीरों में वह एक खूबसूरत हसीना के साथ नजर आ रहे हैं, और उनकी कैमिस्ट्री को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इन तस्वीरों और वीडियो के वायरल होते ही अफवाहें फैलने लगीं कि राजीव का नई लड़की के साथ अफेयर चल रहा है। हालांकि, इन तस्वीरों का राजीव की पर्सनल लाइफ से कोई संबंध नहीं है। दरअसल, ये तस्वीरें उनके किसी प्रोफेशनल प्रोजेक्ट से जुड़ी हैं, जिसमें उन्होंने प्रोजेक्ट से संबंधित लोगों को टैग किया है। बीते दिनों राजीव ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि उन्होंने अपनी एक्स-वाइफ चारू असोपा को अपने सबसे अच्छे दोस्त से बात करते हुए पकड़ा था। राजीव ने बताया कि वे दुबई में छुट्टियां मना रहे थे, जब उन्होंने चारू को अपने दोस्त से बात करते हुए देखा। इसके बाद चारू ने राजीव को इंस्टाग्राम पर फॉलो करना शुरू कर दिया, और जब राजीव ने इस बारे में पूछा, तो चारू चुप हो गईं। इस पर चारू ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर राजीव ने उन्हें अपने दोस्त से बात करते हुए देखा होता, तो वह जान पाते कि वे किस बारे में बात कर रहे थे। चारू ने यह भी कहा कि राजीव को अपने दोस्त का नाम बताना चाहिए, और सिर्फ झूठे आरोप नहीं लगाने चाहिए। बता दें कि सुष्मिता सेन के भाई राजीव सेन और एक्ट्रेस चारू असोपा की निजी जिंदगी में हमेशा कुछ न कुछ हंगामा बना रहता है। राजीव और चारू का रिश्ता हमेशा उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। तलाक के बाद, दोनों अपनी बेटी जियाना के लिए फिर से साथ आए थे, और लोग यह सोचने लगे थे कि शायद वे फिर से एक साथ हो जाएंगे।

## फिल्म जेलर 2 रजकांत और राम्या निभाएगी भूमिका




अपकमिंग फिल्म जेलर 2 इन दिनों खूब चर्चा बटोर रही है। जेलर 2 में जहां रजनी और राम्या कृष्णन अपनी भूमिकाओं को फिर से निभाने के लिए तैयार हैं, वहीं सीक्वल में शिव राजकुमार और मोहनलाल सहित विभिन्न क्षेत्रीय उद्योगों के सुपरस्टार कैमियो करेंगे। हाल ही में ऐसी खबरें आई थीं कि डाकू महाराज फेम नंदमुरी बालकृष्ण कैमियो के रूप में सबसे नए जोड़े जा रहे हैं। रिपोर्ट्स बताती हैं कि बालकृष्ण एक पुलिस वाले की भूमिका निभाएंगे, कथित तौर पर उन्हें बहुत बड़ी रकम दी जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बालकृष्ण जेलर 2 में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। चौंकाने वाली बात यह है कि फिल्म के निर्माता, सन पिक्चर्स ने उन्हें एक छोटे शेड्यूल के लिए मोटी रकम देने पर सहमति जताई है। एक सूत्र ने बताया कि नंदमुरी बालकृष्ण ने जेलर 2 के लिए 20 दिन का शेड्यूल तय किया है। रिपोर्ट के अनुसार, बालकृष्ण ने 20 दिन के शेड्यूल के लिए 50 करोड़ रुपये मांगे और निर्माता बिना किसी हिचकिचाहट के इसके लिए राजी हो गए। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म की यूनिट के एक करीबी सूत्र ने पुष्टि की है कि बालकृष्ण कैमियो के लिए आ रहे हैं। कथित तौर पर, उनकी भूमिका एक शक्तिशाली होगी। हालांकि, बालकृष्ण की भूमिका कैमियो से ज्यादा एक गेस्ट के तौर पर होगी, सूत्र ने ये भी दावा किया है कि फिल्म में प्रशंसकों को उनका किरदार पसंद आएगा। वहीं अगर रिपोर्ट्स की मानें तो बालकृष्ण कैमियो रोल के लिए सबसे ज्यादा पैसे लेने वाले अभिनेता बन गए हैं। गौरतलब है कि कई प्रसिद्ध अभिनेता हैं जिन्होंने फिल्मों में कैमियो के लिए एक पैसा भी नहीं लिया। चाहे पहेली में अमिताभ बच्चन हों, रॉकेट्री में शाहरुख खान, पठान में सलमान खान या किसी का भाई किसी की जान में रामचरम, इन अभिनेताओं ने बिना एक भी पैसा लिए कैमियो किया। हालांकि, सभी अभिनेता मुफ्त में कैमियो नहीं करते हैं। कथित तौर पर, अजय देवगन ने एसएस राजामौली की शानदार फिल्म आरआरआर में अपनी भूमिका के लिए 35 करोड़ रुपये लिए थे। इसके साथ ही, वो कैमियो भूमिका के लिए सबसे अधिक भुगतान पाने वाले अभिनेता बने हुए हैं। वहीं आलिया भट्ट ने भी 15 मिनट के लिए राजामौली की फिल्म से 9 करोड़ लिए थे। दूसरी ओर, हुमा कुरैशी ने संजय लीला भंसाली की गंगूबाई काठियावाड़ी में अपनी भूमिका के लिए 2 करोड़ रुपये लिए थे। दिलचस्प बात यह है कि उर्वशी रौतेला ने मेगास्टार चिरंजीवी की वाल्टेयर वीरैया में अपने कैमियो के लिए 3 करोड़ रुपये की भारी भरकम फीस ली थी।

# सिटी बसों के संचालन को 9 कंपनियों ने किया आवेदन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा ओर यमुना प्राधिकरण में बसे लोगों को मेट्रो की ओर राह देखने की आवश्यकता नहीं रह गई है । सार्वजनिक परिवहन



को सुगम बनाने के लिए जिले में 500 सिटी बस के लिए संचालन के लिए नौ प्रमुख कंपनियों ने अपना इंटरेस्ट दिखाया है। इन कंपनियों में ग्लोबल मोबिलिटी, एंटोनी रोड ट्रांसपोर्ट, ट्रैवल टाइम मोबिलिटी, हंसा इंडिया, एयरोगिल ऑटोमोबाइल्स, नर्मदा ट्रैवल्स, चार्टर्ड स्पीड और डेल बस मोबिलिटी का नाम आ रहा है।

जानकारी के अनुसार इनके आवेदन पर निदेशालय ने इन कंपनियों की तकनीकी दक्षता का परीक्षण शुरू कर दिया। उसके बाद इन कंपनियों का वित्तीय परीक्षण आरम्भ होगा।

आपको बता दें कि तीनों प्राधिकरण क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन सेवा को ग्रॉस कास्ट कॉन्ट्रैक्ट मॉडल पर संचालित किया जाएगा इसमें पूरी परियोजना पर आने वाली लागत का वाहन एजेंसी को करना होगा। 500 बसें के लिए जरूरी संसाधन को अन्य खर्च जोड़कर पूरी परियोजना की अनुमानित लागत से 675 करोड़ है ।

तीनों प्राधिकरण के अंतर्गत चलने वाली बसों में अबकी बार दो तरीके के बसों की मांग की गई है इसमें 9 मीटर और 12 मीटर की बसें होंगी। 9 मीटर लंबी बस की क्षमता 30 लोगों की होगी। जिसमें 28 यात्री एक दिव्यांग यात्री और एक चालक की सीट होगी। वहीं 12 मीटर लंबी बस में यात्री क्षमता 38 लोगों की होगी। जिसमें 36 यात्री एक दिव्यांग यात्री और एक चालक बैठ सकेंगे।

इन बसों को नोएडा में 13 रूट पर ग्रेटर नोएडा में 9 रूट पर और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में दो रूट पर चलाया जाएगा यद्यपि यह रूट अभी तय नहीं किए गए हैं जल्द ही इनको भी सुनिश्चित कर लिया जाएगा।

# ग्राम योजना विकास प्रक्रिया को लेकर समिति की बैठक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद गौतम बुद्ध नगर के ग्राम कलौंदा में ग्राम पंचायत स्थानिक विकास योजना को क्रियान्वित कराने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नीति निर्धारक समिति एवं तकनीकी समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में पंचायती राज मंत्रालय द्वारा एक प्रस्तुति कलौंदा गाँव ग्राम पंचायत स्थानिक विकास योजना पर एपीजे स्कूल का आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग ग्रेटर नोएडा के प्रोफेसर आनंद खत्री और आर्किटेक्ट बिनीता बोस (एपीजे स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग) द्वारा दी गई, जोकि गाँवों और शहरी गाँवों के विशेषज्ञ हैं।

यह कार्यक्रम मिनिस्ट्री ऑफ पंचायती राज मिनिस्टर एवं इस अलोक प्रेम नागर के मार्गदर्शन में चल रहा है। उन्होंने कलौंदा ग्राम प्रधान राजू नंबरदार व सिकंदर हयात, शकील और गौतम बुद्ध नगर के अन्य ग्रामीणों को ग्राम योजना विकास प्रक्रिया में पारिस्थितिकी के महत्व के बारे में बताया।

एपीजे स्कूल ऑफ़ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग ग्रेटर नोएडा के प्रोफेसर ने जिलाधिकारी को अवगत कराया की गौतम बुद्ध नगर के कलौंदा गांव को पंचायती राज मंत्रालय (MoPR) द्वारा एक आदर्श गाँव के रूप में विकसित किया जा रहा है।

यह योजना भारत में MoPR द्वारा 2025 में लिए गए 34 अन्य गाँवों में से एक है। ए.पी.जे. स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग, एनआईआईटी, एसपीए और आईआईटी जैसे प्रमुख संस्थानों के साथ मिलकर देश में गाँवों की वृद्धि की योजना और वास्तुकला सुधारने का कार्य कर रहा है।

इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ला, जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेंद्र सिंह, अन्य संबंधित अधिकारियों तथा ग्राम प्रधानों ने प्रतिभाग।

# नोएडा मीडिया क्लब में हुआ हवन-पूजन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा मीडिया क्लब में नकारात्मक ऊर्जा का विनाश करके सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने तथा गंदगी व भ्रष्टाचार से क्लब को बचाने के लिए शुद्धिकरण किया गया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन किया गया।

लाल मंदिर सेक्टर-2 के प्रकाण्ड पंडित विनोद कुमार शास्त्री द्वारा हवन का कार्यक्रम किया गया। हवन में मीडिया क्लब की नई कार्यकारिणी के अलावा शहर के मीडियाकर्मी भी मौजूद रहे।

हवन में प्रमुख रूप से नोएडा मीडिया क्लब के उपाध्यक्ष अमित चौधरी, महासचिव जेपी सिंह, सचिव जगदीश शर्मा, कोषाध्यक्ष मनोज वत्स, कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद शर्मा के अलावा विनोद कुमार गुप्ता, संगीता चौधरी, सुनयना सिंह, हिमांशु शुक्ला, धीरेंद्र अवाना, सुमन चौधरी, विकास कुमार, हरि, कुणाल जायसवाल, विनायक गुप्ता, मुकेश गुप्ता, ए.के. लाल, महेंद्र, शिव त्यागी आदि मीडियाकर्मी हवन में मौजूद रहे।

# वाणिज्यकर कमिश्नर के साथ व्यापारियों ने समस्याओं पर की चर्चा





**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के सदस्यों से वाणिज्य कर विभाग के कमिश्नर संदीप भागिया ने भेंट की तथा व्यापारियों व उद्यमियों की समस्याओं को सुना। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने नव नियुक्त कमिश्नर का सेक्टर-115 स्थित प्रदेश कार्यालय पर स्वागत किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष निखिल अग्रवाल ने बताया कि व्यापारियों और उद्यमियों को हो रही परेशानियों के बारे में कमिश्नर को विस्तार से बताया गया। उन्हें बताया गया कि बिल बनाते वक्त छोटी मोटी त्रुटि होने पर गाड़ी रोक कर बड़ा जुर्माना लगाने की दिक्कत है।

प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि सिर्फ़ ड्राइवर के बयान पर उधमी या व्यापारी को दंडित न किया जाए। अधिकारी को कम से कम एक बार व्यापारी से ज़रूर संपर्क करना चाहिए।

महिला प्रकोष्ठ से अध्यक्षा श्रीमती वंदना गुप्ता ने कमिश्नर को बताया कि विभाग द्वारा वर्षो पुराने नोटिस भेजने बन्द किये जाने चाहिए। वाणिज्य कर विभाग के कमीशनर संदीप ने कहा की व्यापारियों के सहयोग से प्रदेश सरकार नयी गति के साथ आगे बढ़ रही हैं। आप के टेक्स के माध्यम से प्रदेश दिन दुगनी रात चौगनी प्रगति कर रहा है। प्रशाशन हमेशा व्यापारियों के हित मे कम कर रहा है।

बैठक में अपर आयुक्त वाणिज्य कर विभाग विवेक आर्या व योगेश विजय, व्यापार मंडल से प्रदेश कोषाध्यक्ष अंकुर बंसल, प्रदेश सचिव अमित गोयल, सिवा चौहान, महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष वंदना गुप्ता, कार्यकारी सदस्य चारु जैन, क्रोकरी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश जिंदल, अमित गुप्ता, मोहित गुप्ता, संजय गुप्ता, मोहन लाल गुप्ता, दीपक गर्ग व अन्य व्यापारी उधमी सम्मिलित हुए।

# वाईएसएस फाउंडेशन को मिला 'आयुष्मान वृद्ध सेवा' सम्मान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** स्वास्थ्य एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए गौतम बुद्ध नगर



स्थित संस्था वाई एस एस फाउंडेशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों को 'आयुष्मान वृद्ध सेवा सम्मान' से सम्मानित किया गया है।

दिल्ली यमुना काउंसिल परिवार द्वारा यह सम्मान मनीष गुप्ता (वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समाजसेवी) एवं अनिल चौधरी (आयुष्मान कार्यक्रम संयोजक) को प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत हेल्थ कार्ड निर्माण, स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन एवं जागरूकता अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रदान किया गया।

सम्मान समारोह के दौरान काउंसिल के संस्थापक कपिल गर्ग एवं पदाधिकारियों ने वाई एस एस फाउंडेशन के कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर नव्या कांत, दिव्यांशी कानोड़िया, सुमित शुक्ला, अंजलि चौहान एवं अन्य कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी भी उल्लेखनीय रही।

## कई सेक्टरों में हटाया अतिक्रमण

# सेक्टर-34, 52, 62 व 31 में चलाया स्वच्छता अभियान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नौएडा प्राधिकरण द्वारा सैक्टर-43 एवं 44, सदरपुर सोमबाज़ार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत वेण्डर्स ज़ोन में अवैध निर्माण को हटाकर मार्ग एवं फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त किया गया। यह अभियान जनसुविधा, सुगम यातायात एवं स्वच्छ नोएडा के उद्देश्य से सतत रूप से जारी है।



नौएडा प्राधिकरण द्वारा ड्रेन लाइन की सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से, आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान सैक्टर-34 मेट्रो स्टेशन, सैक्टर-52/71 अंडरपास (फुट ओवर ब्रिज के निकट), सैक्टर-62 से फोर्टिस हॉस्पिटल होते हुए इन्डस वैली स्कूल तक, एवं सैक्टर-31 निठारी गांव पानी टंकी गली नम्बर-1 में संचालित किया गया।

प्राधिकरण सभी नागरिकों से अपील करता है कि वे नालियों में प्लास्टिक कचरा अथवा सिंगल यूज़ प्लास्टिक सामग्री न डालें, जिससे जल निकासी व्यवस्था प्रभावित होती है एवं जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। आइए, एक साथ मिलकर स्वच्छ, सुंदर और स्मार्ट नोएडा बनाएं।

# नोएडा प्राधिकरण के ठेंगे पर आरडब्ल्यूए व फोनरवा

## आरडब्ल्यूए में आक्रोश, धरना-प्रदर्शन की तैयारी शुरू

**नोएडा ( चेतना मंच )।** फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन



(फोनरवा) ने प्राधिकरण की अनदेखी पर नाराजगी जताई है। फोनरवा की कार्यकारणी कमेटी की बैठक में आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने सेक्टरों में मूलभूत सुविधाओं की कमी और लंबे समय से लंबित पड़ी समस्याओं को लेकर नाराज़गी जताई है।

सेक्टर-122 पी ब्लॉक आरडब्ल्यूए के महासचिव भूषण शर्मा ने बताया कि पिछले दो वर्षों से हम लगातार नोएडा अथॉरिटी को पत्र लिखकर पी.के. ब्लॉक की बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए कह रहे हैं और इस कार्य का टेंडर पिछले वर्ष ही जारी हो चुका है बॉन्ड भी बन चुका है और ठेकेदार भी फाइनल हो चुका है परंतु अब तक कोई भी निर्माण कार्य आरंभ नहीं किया गया है। आरडब्ल्यूए 50 के महासचिव राजेश कुमार ने बताया कि हमने कई बार बैठकें मांगीं, ज्ञापन सौंपे, लेकिन प्राधिकरण की ओर से न तो कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, न ही किसी तरह की कार्यवाही हुई।

सेक्टर-117 के अध्यक्ष कोशिंदर यादव ने बताया कि सेक्टर में पिछले दो साल से प्राधिकरण ने कोई काम नहीं किया। सेक्टर की सभी ग्रीन बेल्ट की नीची पड चुकी बाउंड्रीवाल को दो साल से ना ही ऊँचा किया जा रहा है और ना ही फेन्सिंग हो रही है। सेक्टर में आये दिन ग्रीन बेल्टस की दीवारें कूदकर असमाजिक तत्व घुसकर सेक्टर का माहौल खराब करते है।

सेक्टर-122 के आरडब्ल्यूए के महासचिव देवेंद्र सिंह ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण द्वारा गीले और सूखे कूड़े के निस्तारण को लेकर सेक्टर-122 के निवासियों की परेशानी को चरम पर पहुँचा दिया है।

एड. लाटसाहब लोहिया अध्यक्ष RWA सेक्टर 141 ने बताया कि सेक्टर में सीवर लाइन जगह जगह ओवर फ्लो हो रही है तथा नालियाँ कई जगह बन्द पड़ी है जिससे पानी की निकासी सही से नहीं हो पा रही हैं व ग्रीन बेल्ट की दिवार गांव की तरफ से तीन जगह से गिर गई है।

सेक्टर-31 के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह व सेक्टर-48 के महासचिव जी सी शर्मा ने भी अपने सेक्टर से जुड़ी समस्याएं रखीं।

फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने कहा कि नोएडा के कई सेक्टरों में पिछले कुछ समय से विकास कार्यों में लगातार देरी देखी जा रही है।

बैठक में अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा महासचिव के के जैन, कोषाध्यक्ष पवन यादव, लटसाहब लोहिया, एच के गुप्ता, आरके सिंह, कोशिन्दर यादव, भूषण यादव, डॉ दिनेश कुमार शर्मा, वी एस नेगी, देवेंद्र कुमार, अशोक शर्मा, जीसी शर्मा, देवेंद्र सिंह, एके सहगल, प्रदीप वोहरा, सुमित कुमार, डॉ जी एस सचदेवा, राजेश सिंह, उमाशंकर शर्मा, दिव्या कृष्णत्रय, पुलकित कांत गुप्ता, प्रमोद वर्मा, दुर्गेश सिंह, विनोद शर्मा, सुभाष भाटी आदि उपस्थित थे।

